डलवा कर घी की आहुति कुंड में, करवाएंगे आपसे, हम हवन। जिससे सुखी और समृद्ध रहेंगे आप, खुशहाल रहेगा आपका भवन।।



नियम और शर्तें

★ हवन - आयोजन के समय सम्पूर्ण परिवार की उपस्थिति अनिवार्य है।
★ धरम-करम का कार्य पूर्णतया नि:शुल्क है, हवन-पूजन में प्रयुक्त सामग्री, कुंड, लकड़ी, देसी घी व अन्य सभी सामान की व्यवस्था व खर्च हमारी संस्था उठाएगी।
★ अपने घर / प्रतिष्ठान पर हमें लाने-लेजाने की व्यवस्था हवन आयोजित करने वाले की होगी। हवन की बुकिंग मंदिर में आकर ही करनी होगी।

'आग में घी डालना' अति शुभ भी होता है। हवन-पूजन कर इंसान चैन की नींद सोता है।।



मलीहाबाद विधायिका जयदेवी कौशल हवन पूजन करती, संग में साईंधाम ट्रस्ट के पदाधिकारी पूनम पंत व पायल।



साईंधाम ट्रस्ट में नि:शुल्क विद्या प्राप्त करने वाले बच्चों को स्नेहाशीष व भंडारा वितरण करती जयदेवी, मंदिर प्रांगण में।

साईंधाम मंदिर फाउंडेशन ट्रस्ट 4/4, टी.सी.जी., होटल हयात के पास, विभूति खंड, गोमती नगर, लखनऊ-10,
9839163047 / 9956384848



अटल चौराहे के पास रिक्शे की छांव में बैठकर धूप से बचने का प्रयास करता चालक।

# आज स्मृति उपवन, कल रमाबाई मैदान की ओर के रूट रहेंगे डायवर्ट

## पोलिंग पार्टियों की रवानगी और ईवीएम जमा होने के कारण बदली गई व्यवस्था

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** लोकसभा के पांचवें चरण और पूर्वी विधानसभा के उपचुनाव के लिए मतदान 20 मई को है। चुनाव कार्य के चलते रविवार को स्मृति उपवन और सोमवार शाम से देर रात तक रमाबाई मैदान की ओर जाने वाले मार्गों पर यातायात व्यवस्था बदली रहेगी।

डीसीपी यातायात कमलेश दीक्षित ने बताया कि रविवार 19 मई को लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां आशियाना स्थित स्मृति उपवन से रवाना होंगी। इस कारण स्मृति उपवन के आसपास सात स्थानों पर वाहनों का डायवर्जन लागू रहेगा। 20 मई को मतदान के बाद रमाबाई रैली मैदान परिसर में पोलिंग पार्टियां ईवीएम जमा करेंगी। इसे देखते हुए सोमवार शाम से देर रात तक रमाबाई रैली मैदान की ओर जाने वाले मार्गों पर यातायात व्यवस्था में बदलाव रहेगा। वाहन सवार वैकल्पिक मार्गों का प्रयोग कर सकेंगे।

### स्मृति उपवन क्षेत्र में इन रास्तों पर रहेगी रोक

- बंगलाबाजर चौराहा से बिजनौर अंडरपास की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे।
- पॉवर हॉउस चौराहा से स्मृति उपवन की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे।
- बिजनौर अंडरपास से स्मृति उपवन की तरफ वाहन नहीं जा सकेंगे।

### इन रास्तों कर सकेंगे आवागमन

- बंगला बाजार से वाहन तेलीबाग होकर जा सकेगा।
- पावर हाउस चौराहे से वाहन पिकेडली, बाराबिरवा होकर जा सकेगा।
- बिजनौर अंडरपास से वाहन उतरेठिया, शहीद पथ मोड़, कानपुर रोड होकर जा सकेंगे।

### यहां रहेगा प्रतिबंध

- एल्डिको मंदिर तिराहा से वाहन स्मृति उपवन की तरफ प्रतिबंधित रहेगा।
- रामकथा पार्क तिराहा से खजाना चौराहा, चॉन्सलर क्लब होकर स्मृति उपवन की ओर वाहन नहीं जा सकेंगे।
- पासी किला चौराहा से स्मृति उपवन प्लाजा चौराहा तक नो-पार्किंग जोन की व्यवस्था लागू रहेगी।

### रमाबाई मैदान की ओर जाने वाले इन रास्तों से बचें

- रमाबाई पुलिस चौकी रैली स्थल तिराहे से रैन बसेरा तिराहा या बिजनौर शहीद पथ अंडरपास सर्विस रोड होकर नही जा सकेंगे।
- बिजनौर शहीद पथ अंडरपास चौराहे से कोई भी वाहन सर्विस रोड होकर रमाबाई पुलिस चौकी की तरफ नही जा सकेगा।

### इन रास्तों का करें प्रयोग

- वाहन शहीद पथ के ऊपर से होकर गंतव्य को जा सकेंगे। इसी तरह बिजनौर रोड, ओमेक्स सिटी या न्यू गडौरा होकर निकलेंगे।

### इमरजेंसी वाहन जा सकेंगे

- 20 मई को रमाबाई मैदान के आसपास आने जाने में एंबुलेंस, फायर बिग्रेड, ट्रैफिक पुलिस व पुलिस के वाहनों को छूट रहेगी। ट्रैफिक जाम की स्थिति में ट्रैफिक कंट्रोल नंबर-9454405155 पर संपर्क किया जा सकता है।



मतदान के लिए अधिग्रहीत वाहन।

### शहीद पथ से उल्टी दिशा में नहीं जा सकेंगे वाहन

उतरेठिया शहीद पथ अंडरपास चौराहा से रमाबाई अंबेडकर मैदान रैली स्थल की तरफ उल्टी दिशा में वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। अंबेडकर विश्वविद्यालय अंडरपास से कोई भी वाहन उल्टी दिशा से रमाबाई की तरफ नही जा सकेंगे।

### शहर में आज

- सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण बिहारी मंदिर में मोहिनी एकादशी पर इस्कान मंदिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास द्वारा श्रीमद्भागवत कथा : सुबह 6 : 00 बजे।
- संगीत नाटक अकादमी में बयान-ए-ग़ालिब कार्यक्रम में डॉ. कुमकुम धर का कथक नृत्य और डॉ. प्रभा श्रीवास्तव का गायन : शाम 7 : 00 बजे।

# तपने लगी राजधानी, कल गर्मी लेगी मतदान के इंतजाम का इम्तिहान

## 5 साल बाद 18 मई को पारा 44 डिग्री पार, 21 मई तक तापमान 45 डिग्री पहुंचने की संभावना

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी का तापमान पांच साल बाद शनिवार को 44 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंचा। मौसम वैज्ञानिकों ने अभी 1 से 2 डिग्री और बढ़ोतरी की संभावना जताई है। 21 मई तक तापमान 45 डिग्री तक पहुंचने की भी संभावना है। अगले चार दिनों तक गर्मी बेहाल करेगी। लू चलने के कारण बाहर निकलना और ज्यादा मुश्किल भरा होगा। गर्मी 20 मई को लखनऊ, मोहनलालगंज लोकसभा और पूर्व विधानसभा सीट के मतदाताओं को कड़ा इम्तहान लेगी।

मतदाताओं को बूथ तक पहुंचने के लिए प्रेरित करना प्रशासन के लिए चुनौतीपूर्ण होगा। नगर निगम, विकास प्राधिकारण, बिजली और स्वास्थ्य विभाग का दावा है कि बूथों पर मतदाताओं को गर्मी से बचाने के लिए व्यापक इंतजाम कर लिए गए हैं।

लखनऊ और आसपास का तापमान तीन से लगातार बढ़ रहा है। शुक्रवार को पारा 43 डिग्री पर पहुंच गया था। शनिवार को कुछ कम होकर 44.2 डिग्री सेल्सियस हुआ लेकिन आने वाले दिनों में 1 से 2 डिग्री सेल्सियस तक तापमान बढ़ सकता है। लखनऊ में 19 से 21 मई तक तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की संभावना है। न्यूनतम तापमान भी 27.4 पहुंच गया है। इससे रात में भी गर्मी से राहत नहीं मिल रही है।

मौसम वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि 19 से 21 मई तक लखनऊ सहित पूरे प्रदेश में 25 से 35 किमी प्रति घंटा की रफ्तार से गर्म हवाएं चलेंगी।

दोपहर बाद से शाम तक लू का असर रहेगा। इससे स्वास्थ्य पर असर पड़ने के साथ फसलों को भी नुकसान हो सकता है। पूर्वी उत्तर प्रदेश के ज्यादातर जिलों में लू चलेगी, लेकिन शाम को इससे राहत मिलेगी। पश्चिमी यूपी में लू का गंभीर असर रहेगा। अधिकतम तापमान 45 और न्यूनतम 28 डिग्री या इससे अधिक तक पहुंच सकता है। मौसम विभाग के अनुसार 18 2019 के बाद मई का दिन इस साल सबसे गर्म रहा।



### 18 मई को छह साल का तापमान

| वर्ष | तापमान |
|---|---|
| 2018 | 44.8 |
| 2019 | 44.8 |
| 2020 | 44.1 |
| 2021 | 39.8 |
| 2022 | 43.0 |
| 2023 | 43.2 |
| 2024 | 44.2 |



चारबाग रेलवे स्टेशन के बाहर दुपट्टे के सहारे धूप से बच्चे को बचाने का प्रयास करती महिला। अमृत विचार

### कामगारों के लिए घातक हो सकती है लू

मौसम विभाग ने कारखानों और खुले स्थान पर काम करने वाले श्रमिकों के लिए लू को ज्यादा घातक बताया है। चेतावनी जारी की गई कि धूप में गर्म जगह पर देर तक काम करने से बचा जाए। बिना पानी के काफी देर तक रहना भी स्वास्थ्य पर असर डाल सकता है। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार लोगों के लिए भी मौसम की मार से बचने की चेतावनी दी गई है। वैज्ञानिकों का कहना है कि लू की वजह से शरीर में घमौरियां पड़ सकती हैं। त्वचा पर लाल चकत्ते भी निकल सकते हैं। पशुओं और फसलों के साथ बागवानी को भी लू से बड़ा नुकसान हो सकता है।

## वोल्टेज लो, छह मोहल्लों में नहीं चले कूलर-पंखे

**अमृत विचार, लखनऊ:** चिलचिलाती गर्मी और तन झुलसा देने वाली लू के बीच लो वोल्टेज की समस्या ने लोगों को बेहाल कर दिया। वोल्टेज कम होने से पंखे, कूपर और एसी नहीं चलते से लोग पेड़ों की छांव और हाथ के पंखे से राहत लेते देखे गए।

ट्रांसगोमती के अहिबरनपुर उपकेंद्र से जुड़े 20 हजार से आबादी वाले कर्बला ढ़ाल,मदेयगंज, मक्कागंज,गंगा कॉलोनी, खदरा, छपजाली और आसपास सुबह 8 बजे वोल्टेज लो हो गया। सबमर्सिबल पंप और टूल्लू पंप न चलने से लोग पानी नहीं भर पाए। लोग दूर-दराज लगे हैंडपंपों से पानी ढोते रहे। कर्बला ढ़ाल निवासी अब्दुल्ला ने बताया कि 11केवी के तार घरों और छतों के ऊपर से निकाले गए हैं।

इनमें फाल्ट से आए दिन लो वोल्टज और आपूर्ति ठप रहने की समस्या बनी है। गंगा कॉलोनी की रमावती ने बताया कि 50 मीटर दूर लगे खंभे से कनेक्शन दिए गए हैं। मदेयगंज निवासी रेहान ने बताया कि लो वोल्टज के कारण टुल्लू पंप, कूल और पंखे नहीं चल पाए। गर्मी के कारण बच्चों के बीमार होने की आशंका बनी रहती है। इस संबंध में अहिबरनपुर एसडीओ प्रशांत सक्सेना ने कहा कि क्षेत्र में लो वोल्टज की समस्या की जानकारी नही है। फिर अगर समस्या है, तो उसे दूर कराया जायेगा। घरों के ऊपर से निकाले गए केबल हटाने का काम भी जल्द शुरू किया जायेगा।

## जनपद की अदालत के कक्षों में लगने चाहिए सीसीटीवी कैमरे

**अमृत विचार, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने कहा है कि लखनऊ जनपद के न्यायालय के कक्षों में कम से कम प्रायोगिक आधार पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने चाहिए। बाद में अन्य जिला अदालतों में भी ऐसा किया जा सकता है। न्यायालय ने इस संबंध में प्रशासनिक पक्ष को निर्देश जारी किए हैं। न्यायालय ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल से प्रशासनिक निर्णय लेने के लिए इस अनुरोध को मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखने को भी कहा।

यह आदेश न्यायमूर्ति राजन रॉय और न्यायमूर्ति ओपी शुक्ला की खंडपीठ ने एक जनहित याचिका पर आदेश पारित किया है। उक्त जनहित याचिका के तहत न्यायालय ने 2018 में जिला अदालत परिसर, लखनऊ में अराजकता के संबंध में स्वत: संज्ञान दर्ज लिया था। सुनवाई के दौरान न्यायालय को जानकारी दी गई कि गाजियाबाद कोर्ट परिसर में सीसीटीवी लगाए गए हैं। इस पर न्यायालय ने कहा कि हम उच्च न्यायालय के प्रशासनिक पक्ष से अनुरोध करते हैं कि वह जनपद न्यायालय में उचित स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने की व्यवहारिकता पर विचार करें।

## दुबई से प्लाइट से चला यात्री लापता

**अमृत विचार, सरोजनीनगर:** दुबई से लखनऊ के अमौसी एयरपोर्ट आने के लिए प्लाइट में सवार हुआ यात्री एक सप्ताह बाद भी घर नहीं पहुंचा। उसकी भाभी ने एयरपोर्ट पोर्ट पुलिस चौकी में प्रार्थना पत्र दिया है। चौकी प्रभारी पर मामला दर्ज करने के बजाय तीन दिन बाद बरामदगी की बात कहकर टरकाने का आरोप भी लगाया है।

देवरिया जिले के सलेमपुर थाना अंतर्गत रामपुर बुजुर्ग निवासी रंजन देवी के मुताबिक उनके पति जितेंद्र चौहान और देवर कामेश चौहान दुबई में मजदूरी करते हैं। रंजन ने बताया कामेश 11 मई को दोपहर 1:25 बजे दुबई में अमौसी आने वाली की प्लाइट में सवार हुए थे। दुबई से चलकर एफजेड 443 फ्लाइट शाम 6:25 बजे लखनऊ एयरपोर्ट पहुंची, लेकिन वह घर नहीं पहुंचे। 12 मई को रंजन देवर की तलाश में सलेमपुर थाने पहुंची। वहां से उसे लखनऊ एयरपोर्ट से संबंधित थाने भेज दिया गया। उसने सरोजनीनगर थाने की एयरपोर्ट पुलिस चौकी पर प्रार्थनापत्र दिया। रंजना का आरोप है कि मामला दर्ज करने की बजाए चौकी इंचार्ज ने 2 - 3 दिन बाद बरामदगी की बात कहकर टरका दिया। सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी का कहना है कि ऐसा कोई प्रार्थना पत्र उन्हें नहीं मिला है।

## सरकारी ब्लड बैंकों में एबी नेगेटिव ब्लड नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ जरूरतमंद मरीजों के तीमारदार हो रहे परेशान

**अमृत विचार :** राजधानी के सरकारी अस्पतालों और संस्थानों के ब्लड बैंक में एबी नेगेटिव ग्रुप का ब्लड खत्म हो गया है। जरूरतमंद मरीजों के परिजन इस ग्रुप के ब्लड के लिए परेशान हो रहे हैं। संकट खत्म करने के लिए लोगों से रक्तदान करने की अपील की गई है। शनिवार को केजीएमयू के ब्लड बैंक में एबी नेगेटिव ग्रुप का दो यूनिट ब्लड उपलब्ध हो गया है।

शहर में सिविल, लोकबंधु, बलरामपुर अस्पताल और लोहिया संस्थान में एबी निगेटिव ब्लड ग्रुप का संकट बना है। यहां पर आने वाले तीमारदारों को लौटना पड़ रहा है। अस्पताल प्रभारियों का कहना है जल्द ही शिविर लगाकर एबी निगेटिव ग्रुप की उपलब्धता ब्लड बैंकों को सुनिश्चित कराई जाएगी। केजीएमयू ब्लड बैंक में करीब पांच दिन से एबी निगेटिव ब्लड ग्रुप का संकट था।

इस ग्रुप के लिए आने वाले तीमारदारों को लौटना पड़ रहा था। काफी प्रयास के बाद शनिवार को यहां पर दो यूनिट एबी निगेटिव ब्लड ग्रुप की उपलब्धता हो पाई। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. तूलिका चंद्रा ने बताया ब्लड बैंक में जांच दौरान दो यूनिट एबी निगेटिव ब्लड मिला है। डोनेशन व रिप्लेसमेंट में आए खून की जांच कराई जा रही है। जांच में वहां से भी एबी निगेटिव ब्लड ग्रुप मिलने की उम्मीद है।

TENDER PALM
SUPER SPECIALITY HOSPITAL
WE LOVE TO CARE

न्यूरो रोग से, होंगे निरोग

लकवा, सिरदर्द, सर्वाइकल, मिर्गी, ब्रेन या स्पाइन टीबी, मनोरोग (डिप्रेशन, फोबिया, एंजायटी, पैनिक अटैक, आदि)

न्यूरो साइंसेज़ मेगा कैंप

दिनाँक - 19-05-2024
समय - सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक

ये सुविधाएँ फ्री
• डॉक्टर कंसल्टेशन • फिजियोथेरेपी • न्यूरोपैथी स्क्रीनिंग • ब्लड + शुगर टेस्ट

जाँचों पर छूट
दवाइयों पर 10% off | पैथोलॉजी इन्वेस्टीगेशन 30% off | रेडियोलॉजी 50% off

UP TO 50% OFF • एन सी वी • ई ई जी • सी टी स्कैन • बी एम डी • एक्स-रे • B12 पैकेज

(*नियम एवं शर्तें लागू)

विश्वस्तरीय न्यूरो साइंसेज़ की टीम देगी सम्पूर्ण समाधान

न्यूरो सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ. रेहान राशिद - एमबीबीएस, एमएस, एम सी एच (न्यूरो सर्जरी)
डॉ. वी के अग्रहरि - एमबीबीएस, डीएनबी, एम सी एच (न्यूरो सर्जरी)
डॉ. सुरजीत सिंह - एमबीबीएस, एमएस (जनरल सर्जरी), एम सी एच (न्यूरो सर्जरी)

न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ
डॉ. धवल नारंग - एमबीबीएस, एमडी (मेडिसिन), डीएम (न्यूरोलॉजी)

मनोरोग विशेषज्ञ
डॉ. अंकित सिन्हा - एमबीबीएस, एमडी (साइकिएट्री), न्यूरोसाइकिएट्रिस्ट
प्रज्ञा पुष्कर्णा - साइकोलॉजिस्ट

चुनाव में सर्राफा बाजार गर्म | भाजपा, सपा, बसपा और कांग्रेस के चांदी के चुनाव चिह्न कर रहे आकर्षित

# कमल वाली अंगूठी 2,700 रुपये की, पंजा 3,000 का

नीरज मिश्र, लखनऊ

**अमृत विचार :** पूरे देश में चुनाव का माहौल है। पार्टियों के झंडे-बैनर से इलाके रंगीन हैं। ऐसे में सर्राफा बाजार भी पीछे नहीं है। यहां चांदी की अंगूठी वाला कमल निशान और सिल्वर कोटेड मोदी का बाक्स में सजा स्टैच्यू जहां चर्चा में है तो कांग्रेस का पंजा भी बाजार में मिल रहा है।

कमल निशान वाली अंगूठी लोगों को खूब भा रही है। इसकी कीमत 2,700 रुपये के आसपास है। चांदी की पॉलिश में चमचमाती मोदी का स्टैच्यू 3500 रुपये में मिल रहा है। कांग्रेस का चुनाव चिह्न पंजा 3,000 रुपये का है। करीब 28,000 रुपये की चांदी की साइकिल भी है तो 12,000 रुपये का बसपा का चुनाव निशान हाथी भी लोगों को आकर्षित कर रहा है। भले ही प्रदेश में आप का मजबूत जनाधार न हो लेकिन चांदी की झाड़ू भी मौजूद है। इसकी कीमत 3,000 रुपये है। मोदी के स्टैच्यू के भी कद्रदान ज्यादा दिखे।



















### चुनाव चिह्न - कीमत (रुपयों में)

| | |
|---|---|
| कमल निशान वाली चांदी की अंगूठी | 2,700 |
| मोदी और भाजपा के निशान वाला पेन | 500-700 |
| मोदी का स्टैच्यू बाक्स के साथ | 3,500 |
| 256 ग्राम वाली सपा की साइकिल | 28,000 |
| 100 ग्राम चांदी वाला बसपा का हाथी | 12,000 |
| कांग्रेस का पंजा चांदी का | 3,000 |
| 13 ग्राम की राम मंदिर की सोने की अंगूठी | 98,000 |

### मोदी और कमल निशान वाले 25 कलम, छह अंगूठियां बिकीं

चौक सर्राफा के कारोबारी विनोद महेश्वरी बताते हैं कि चुनावी माहौल में नया प्रयोग किया गया है। चांदी और गोल्डेन पॉलिस वाले सभी पार्टियों से जुड़े चुनाव चिह्न बनाए गए हैं। कुछ दिनों में ही 25 चांदी वाले कमल निशान वाली छह अंगूठियां बिक गई हैं। वे बताते हैं कि सबसे ज्यादा भाजपा के चुनाव चिह्न के खरीदार हैं।

SOC SHIVENDRA'S ORTHO CLINIC
शिवेन्द्र ऑर्थो क्लीनिक
A UNIT OF HAMATE POLYCLINIC
जोड़ प्रत्यारोपड़ सर्जरी, स्पोर्ट्स इंजरी, फ्रेक्चर उपचार, ट्रामा सर्जरी, स्पाइन सर्जरी और कंधे का जाम हो जाना, फिजिओथेरपी, अस्थि ट्यूमर उपचार, समस्त हड्डी और जोड़ रोग उपचार
आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना व पंडित दीनदयाल योजना के अंतर्गत निःशुल्क इलाज की सुविधा
हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ | पूर्व (AIIMS) जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
अत्याधुनिक विधि द्वारा दर्द रहित इलाज
WE CARE YOUR BONES & JOINTS
क्या आप जोड़ों के दर्द से हैं परेशान?
आज ही सम्पर्क करें हड्डी रोग एवं जोड़ प्रत्यारोपण विशेषज्ञ
8,000 से अधिक जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी का अनुभव
20 वर्षों से अधिक अनुभव
डॉ. शिवेन्द्र कुमार श्रीवास्तव
MBBS, M.S, Mch (Ortho)
Joint Replacement & ADV. trauma Surgeon
Fellow in Primary & Revision Joint Replacement (USA)
ए-733, कन्वेंशन सेंटर के पास, इंदिरा नगर लखनऊ,
फोनः 0522-3545321, 9839330666
Timings:- Morning : 11am-2pm, Evening : 5pm-8:30pm
24x7 Emergency

# चार वेलनेस सेंटर प्रभारियों से सीएमओ ने मांगा स्पष्टीकरण

- जवाब संतोषजनक न होने पर की जाएगी कार्रवाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** समय से पहले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर ताला बंद करने और बिना सूचना ड्यूटी से गायब रहने वाले केंद्र प्रभारियों को सीएमओ ने नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जवाब में प्रभारियों ने वीआईपी ड्यूटी और बीमार होने का हवाला दिया है। अमृत विचार ने 18 मई के अंक में वेलनेस सेंटरों पर लटका ताला, मायूस लौट रहे मरीज शीर्षक से खबर प्रकाशित कर लापरवाही उजागर की थी। इसे संज्ञान में लेकर सीएमओ ने कार्रवाई की है।

शहर में 75 हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) खोले गए हैं। इनके खुलने का समय सुबह 10 से शाम चार बजे तक है। किसी भी सेंटर पर बायोमेट्रिक उपस्थिति व्यवस्था लागू नहीं है। इससे डॉक्टर व स्टाफ मनमानी करता है। केंद्र निर्धारित समय से पहले बंद कर दिए जाते हैं। लोगों की शिकायत पर अमृत विचार की टीम ने शुक्रवार को त्रिवेणीनगर, फैजुल्लागंज के हनुमंत पुरम, गाजीपुर बलराम और सत्यलोक कॉलोनी ताड़ीखाना के वेलनेस सेंटरों का दोपहर 2 बजे से 3 बजे के मध्य दौरा किया था। सिर्फ हनुमंतपुरम का सेंटर खुला मिला था, लेकिन वहां डॉक्टर मौजूद नहीं थे। अन्य तीन केंद्रों पर ताला लटका मिला था।



अमृत विचार में प्रकाशित खबर।

## जवाब की समीक्षा की जा रही : सीएमओ

सीएमओ डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि जिप तीन हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों पर ताला लटका मिला था, उनके प्रभारियों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया था। इसके अलावा सेंटर पर मौजूद न रहने वाले प्रभारी से भी स्पष्टीकरण लिया गया है। सभी ने जवाब दे दिया है, जवाबों की समीक्षा की जा रही है। उत्तर संतोषजनक न होने पर कार्रवाई की जाएगी।

## सेंटर प्रभारियों ने यह दिया नोटिस का जवाब

सीएमओ की ओर से जारी नोटिस के जवाब में त्रिवेणीनगर सेंटर के डॉक्टर ने बताया कि वह चुनाव में लगे पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्य का परीक्षण करने के लिए फार्मासिस्ट के साथ सेंट फ्लोरेंस स्कूल गए थे। लैब टेक्नीशियन (एलटी) छुट्टी पर था। सत्यलोक कॉलोनी केंद्र की महिला डॉक्टर ने बताया कि बीमार होने की वजह से सीएचसी अलीगंज डॉक्टर को दिखाने गई थी। दावा है कि कर्मचारी दोपहर 2:45 तक सेंटर पर मौजूद थे। गाजीपुर बलराम केंद्र के प्रभारी ने जवाब में लिखा है कि वह पार्षद के साथ बैंक में खाता खुलवाने के लिए गए थे। उनका दावा है कर्मचारी 2:50 बजे सेंटर पर तक सेवा दे रहे थे। हनुमंत नगर सेंटर के प्रभारी ने जवाब में लिखा है कि उनकी ड्यूटी गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज में लगी थी। उन्होंने भी दावा किया है कि केंद्र 3:30 बजे तक खुला था।

# पांचवें चरण में सभी मतदेय स्थलों पर मतदाताओं के लिए उपलब्ध रहेंगी चिकित्सीय सेवाएं

**अमृत विचार, लखनऊ :** लोकसभा चुनाव के 5वें चरण में लखनऊ समेत 14 सीटों पर होने वाले मतदान के दिन मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथों) पर मतदाताओं व मतदान कर्मियों के लिए हीट स्ट्रोक से बचने व अन्य जरूरी चिकित्सकीय सुविधाएं मुहैया कराने के निर्देश दिए गए हैं। जिला अस्पताल समेत सभी सरकारी अस्पतालों की इमरजेंसी अलर्ट मोड पर रहेंगी, ऑन काल विशेषज्ञ डॉक्टर भी उपलब्ध रहेंगे। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. बृजेश राठौर ने बताया कि मतदान केंद्रों व मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) पर मतदान कर्मियों को हीट स्ट्रोक से बचने और स्वास्थ्य के दृष्टिगत मेडिकल किट उपलब्ध कराई जाएगी। किट में ओआरएस के पैकेट, पैरासिटामॉल समेत अन्य जरूरी दवाएं उपलब्ध होंगी।

LUCKNOW PUBLIC COLLEGE OF PROFESSIONAL STUDIES
Vinamra Khand (Opp. Kathauta Lake), Gomti Nagar, Lucknow
Requires qualified faculties for
BCA-2, BBA-6, BJMC-3, B.Com.-5, B.Com.(H)-6 & M.Com.-3
Eligibility Criteria as per UGC norms (Ph.D. or NET)
Eligible and interested candidates can send their CVs on
vacancy@lpsc.co.in or infolpcps@gmail.com
within 15 days from the date of advertisement.
For further enquiries call us on 9044059024 or 7565800033

Leading through innovation
SHRI RAM GLOBAL SCHOOL
Affiliated to the CBSE New Delhi | Affiliation No. 2133776
Vikalp Khand-II Gomti Nagar, Lucknow-226010
Mob.+91-7704965555, 8957401273
Web: www.srgslucknow.com Mail: info@srgslucknow.com
Your Vote. Your Voice
Vote for a Better Tomorrow!
CLASS -X CBSE BOARD EXAM 2023-24
100% PASS RESULT

PIONEER PUBLIC SCHOOL & COLLEGE
WARMEST CONGRATULATIONS
ADMISSION OPEN 2024-25
ON YOUR WELL DESERVED SUCCESS. SO PLEASED TO SEE YOU ALL ACCOMPLISHING GREAT SUCCESS
Dr. M.P. Tiwari
Managing Director
OUR TOPPERS OF CLASS X- 2023-24
Om Pandey 96.0%
Anshika Srivastava 94.0%
Jitendra Verma 93.0%
Shobhit Yadav 87.4%
Kartikeya Mishra 87.0%
Paridhi Mishra 86.8%
Anmol Tripathi 86.0%
Sharif Hameed 86.0%
Anukriti Srivastava 85.4%
Vaibhav Tiwari 84.6%
OUR TOPPERS OF CLASS XII- 2023-24
Priyanka Modanwal 90.0%
Aakriti Mishra 88.0%
Harshit Pandey 88.0%
Sania Shukla 88.0%
Anamika Yadav 85.2%
Tanishka kasaudhan 84.2%
Shashwat Misra 84.0%
Anuja Pandey 83.2%
Ojasvi Srivastava 83.0%
Mohammad Khan 82.0%
YOUR CHILD JOURNEY, TO A GREAT FUTURE BEGINS HERE

www.gcrg.edu.in
G.C.R.G.
G.C.R.G. Group of Institutions
- 4000+Students.
- 10,000+Placements
- 250+Companies Visited.
- Fully residential Wi-Fi Campus.
- G.C.R.G. Cricket & Sport Academy
Center of Excellence: TVS, ASHOK LEYLAND, TATA HITACHI, NATIONAL INSTRUMENTS
Our Courses
- B.Tech.
- Polytechnic
- MBA
- BBA
- ITI
- BHMS
- B.Sc. Nursing
- GNM
- ANM
- Dip. Optometry
- Dip. Physiotherapy
- M. Pharm
- B. Pharma
- D. Pharma
- B.Ed.
- D.El.Ed
Our Recruiters: ICICI Bank, HCL, BAJAJ, orient electric, HAVELLS, HYUNDAI, TVS, flipkart, TATA, VIDEOCON, WIPRO, airtel, kotak Life Insurance, ADITYA BIRLA UltraTech, UBER
Our Institutions: G.C.R.G. Group of Institutions | G.C. Homeopathic College & Research Center | G.C.R.G. Cricket & Sports Academy | IAHR Institute of Aviation Hospitality and Retails
18003094111 | 7897811000/01/02/04 | Chandrika Devi Road, Bakshi Ka Talab, Lucknow

KRISHNA PUBLIC SCHOOL LUCKNOW
Admission Open
NO ADMISSION FEE
KRISHNA PUBLIC INTER COLLEGE
NURSERY TO XII ( STREAMS - SCIENCE & COMMERCE )
OUR DISTRICT (LUCKNOW) TOPPER'S
HIGH SCHOOL TOPPER
6th RANK IN LUCKNOW ADITYA KUMAR 95.67%
8th RANK IN LUCKNOW MATH- 100/100 ABHAY KUMAR 95.33%
ARPITA CHAUHAN 94.33%
MATH- 100/100 DIVYANSH 93.5%
INTERMEDIATE TOPPER
6th RANK IN LUCKNOW DIPANJALI KUMARI 95.8%
ZAREENA 90.6%
DIVYANSHI 90.6%
KAPIL 86.2%
ICSE board (New Delhi)
Royal City, Bijnour Road, Lucknow
CONTACT MANAGER : 7991546666
REQUIRED : Principal, Receptionist, & Pre-primary Teacher's.
CONTACT OFFICE : 6388163401, 9119905559
BUS FACILITY AVAILABLE
HEAD OFFICE : Ratan Khand, Kila Chauraha, Sharda Nagar, Lucknow
BRANCH OFFICE : New Behsa, Mansarovar 'O', Shaheed Path, Lucknow
macadvertiser.com

## एक नजर

### घर से कॉलेज निकली इंटर की छात्रा लापता

अमृत विचार, लखनऊ : सआदतगंज क्षेत्र में घर से कॉलेज निकली इंटर मीडिएट की छात्रा लापता हो गई। पिता ने अज्ञात पर बहला-फुसला कर ले जाने का आरोप लगाया है। पुलिस के मुताबिक, पीड़ित पिता ने प्रार्थना-पत्र में बताया 16 मई को सुबह 9 बजे बेटी बैग लेकर कॉलेज के लिये घर से निकली थी। रोजाना दोपहर 2 बजे तक बेटी घर आ जाती थी, लेकिन आज नहीं आई। काफी तलाश के बाद भी वह नहीं मिली। यह पता चला कि बेटी किसी युवक से बात करती थी। पीड़ित ने जल्द से जल्द बेटी की सुरक्षित बरामदगी की गुहार लगाई है। इंस्पेक्टर ने बताया जल्द ही छात्रा को तलाश कर परिजन के सुपुर्द कर दिया जायेगा।

### तीन के खिलाफ मारपीट की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर थाने में पीड़ित ने मारपीट की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक रुस्तम विहार कॉलोनी निवासी राकेश कुमार सिंह शुक्रवार रात करीब 10 बजे बहन को लेने ट्रांसपोर्ट नगर जा रहा था। रास्ते में दाऊद और चार पहिया (यूपी 32 एमजी 4560) सवार दो साथी रॉड से पीटकर धमकी देते हुये भाग निकले। पीड़ित की सूचना पर पुलिस पहुंची। पुलिसकर्मी ने दाउद के मोबाइल नंबर पर बात की तो उनसे भी अभद्र बातें की। पुलिस ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर थाने में पुलिस ने पीड़िता के प्रार्थना-पत्र पर ससुरालवालों के खिलाफ प्रताड़ना की रिपोर्ट दर्ज की है। बंथरा थाना क्षेत्र के तेरवा गांव निवासी नेहा दीक्षित की शादी सरोजनीनगर के बेहसा निवासी अवनीश कुमार शुक्ला से हुई थी। ससुराल पहुंचते ही पति समेत अन्य पांच लाख रुपये और बाइक की मांग करने लगे। मायके वालों ने मांग पूरी कर पाने में असमर्थता जताई। इस पर आरोपी मारपीट कर प्रताड़ित करने लगे। पुलिस के मुताबिक पति समेत अन्य पर मामला दर्ज किया है।

# आपका कॉमन पासवर्ड दे रहा साइबर क्राइम को बढ़ावा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : साइबर स्कैमर्स लोगों को अलग-अलग तरीके से शिकार बना रहे हैं। स्कैमर्स के निशाने पर सबसे अधिक भारतीय हैं। साइबर अपराध का सर्वे करने वाली कंपनी चेक प्वाइंट साफ्टवेयर टेक्नोलॉजी लि. ने हाल में एक रिपोर्ट जारी की है। रिपोर्ट के मुताबिक 2024 की पहली तिमाही में साइबर अपराध के मामलों में 33 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है। सर्वे के मुताबिक लोगों द्वारा बनाए गए पासवर्ड साइबर क्राइम को बढ़ावा दे रहा है।

रिपोर्ट में भारत के दस कॉमन पासवर्ड ऐसे हैं जो साइबर स्कैमर्स चंद सेकेंड में क्रैक कर लेते हैं। साइबर क्राइम थाना प्रभारी बृजेश यादव ने बताया कि कॉमन या कमजोर पासवर्ड का प्रयोग करते हैं तो इसे तत्काल बदल दें। साइबर अपराध करने वालों के लिए कॉमन या कमजोर पासवर्ड किसी भी सिस्टम में सेंध लगाने का सबसे आसान तरीका है। 1234 या 0000 जैसे कॉमन पासवर्ड को आसानी से ट्रैक किया जा सकता है। कुछ लोग पासवर्ड के नाम पर अपने या किसी करीबी के जन्मतिथि या मोबाइल नंबर का प्रयोग करते हैं। इसे भी स्कैमर्स आसानी से क्रैक कर लेते है।

### 10 सबसे कॉमन चार डिजिट के पासवर्ड

साइबर एक्सपर्ट अखिलेश कुमार के मुताबिक इन्फार्मेशन इज ब्यूटीफुल साइट ने हाल में साइबर सिक्योरिटी पर एक अध्ययन किया था। इससे पता चलता है कि कई लोग अपने सिक्योरिटी कोड में इजी पैटर्न का प्रयोग करते हैं। स्टडी में 3 .4 मिलियन पिन को चेक किया गया। जो सबसे कॉमन पैटर्न के थे। इनमें 1234, 1111, 0000, 1212, 7777, 1004, 2000, 4444, 2222 और 6969 एक आसान और कमजोर पैटर्न का पासवर्ड है। इसका प्रयोग लोग अक्सर इंटरनेट बैंकिंग, एटीएम, क्रेडिट कार्ड, मोबाइल, कंप्यूटर या दूसरे गोपनीय दस्तावेजों को सुरक्षित रखने के लिए करते हैं। इस तरह के पासवर्ड को साइबर स्कैमर्स आसानी से टारगेट कर सकते हैं। ऐसे में अपने बैंक खाते या दूसरे डिवाइसेज की सुरक्षा के लिए पासवर्ड चुनते समय सिक्योरिटी को प्राथमिकता देना जरूरी है।

**33** प्रतिशत मामले बढ़े इस साल अब तक

### कुछ यूनिक पासवर्ड

साइबर एक्सपर्ट अखिलेश कुमार के मुताबिक कुछ सबसे ज्यादा यूनिक पासवर्ड हैं। इसमें 8557, 8438, 9539, 7063, 6827, 0859, 6793, 0738, 6835, 8093 शामिल है। इसका प्रयोग करने से साइबर स्कैमर्स से बच सकते हैं।

### यह करें

- आसान शब्दों वाला पासवर्ड नहीं बनाएं।
- पासवर्ड में 8 से कम कैरेक्टर का प्रयोग न करें।
- पासवर्ड में अपने नाम, बर्थ डेट का इस्तेमाल नहीं करें।
- यूजर नेम को भी पासवर्ड न बनाएं।
- पिन जनरेट करते समय अपनी कार का नंबर या मैरिज एनिवर्सरी की डेट का इस्तेमाल न करें।
- अपने डेटा और डिवाइस को प्रोटेक्ट करने के लिए पासवर्ड की जगह पासफ्रेज का इस्तेमाल कर सकते हैं।
- पासवर्ड बनाते समय अल्फा न्यूमेरिक और स्पेशल कैरेक्टर का कॉम्बिनेशन बनाए।

# इलाज कराने का झांसा देकर डॉक्टर से पौने चार लाख ठगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर दो युवकों से छह लाख की जालसाजी



अमृत विचार : कृष्णा मेडिकल सेंटर में इलाज कराने का झांसा देकर डॉक्टर से पौने चार लाख रुपये की ठगी की गई। डॉक्टर की बेटी ने हजरतगंज कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं, क्रिप्टो करेंसी में निवेश के नाम पर दो युवकों से करीब छह लाख रुपये ठग लिए।

हजरतगंज राणा प्रताप मार्ग पर डॉ. चंद्रावती का कृष्णा मेडिकल सेंटर है। बेटी इला चंद्रा के मुताबिक मां के मोबाइल पर अनजान नम्बर से कॉल आई थी। कॉल करने वाले ने खुद का परिचय श्रीकांत बताया। उसने बताया कि वह एक सरकारी विभाग में तैनात है। आरोपी ने पत्नी के साथ महिला सहकर्मियों का मेडिकल चेकअप कृष्णा मेडिकल सेंटर में कराने की बात कही। फिर डॉ. चंद्रावती को बातों में उलझाकर उनसे बैंक की गोपनीय जानकारी मांग ली। पूछने पर बताया कि एडवांस पेमेंट करने के बाद ही विभाग से गेट पास इश्यू होगा। जालसाज की बातों से अनभिज्ञ चंद्रावती ने जानकारी दे दी। आरोपी ने महिला डॉक्टर के खाते से टुकड़ों में करीब 3.73 लाख हजार रुपये निकाल लिए। ट्रांजेक्शन मैसेज आने पर के बाद डॉक्टर की बेटी इला चंद्रा ने हजरतगंज कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराया है।

**क्रिप्टो करेंसी में निवेश के बहाने हड़पे रुपये :** अमीनाबाद मारवाड़ी गली निवासी विनोद गोयल ने वजीरएक्स एक्सचेंज के जरिए क्रिप्टो में निवेश के लिए प्रेरित किया गया। टेलीग्राम और व्हाटसएप चैट के जरिए उनसे क्रिप्टो ट्रेडिंग में रुपये जमा कराए गए। करीब दो लाख रुपये लेने के बाद और रुपये जमा करने के मैसेज भेजे गए। शक होने पर विनोद ने रुपये जमा नहीं किए। जिसके बाद टेड्रिंग के मैसेज भेजने वाले टेलीग्राम और व्हाटसएप ग्रुप बंद हो गए। इसी तरह हजरतगंज गोखले मार्ग निवासी आदित्या गुप्ता से क्रिप्टो ट्रेडिंग पर मुनाफे का झांसा देकर करीब 4.27 लाख रुपये की धोखाधड़ी हुई।

### फर्जीवाड़ा कर मोबाइल फाइनेंस कराने वाले को भेजा जेल

अमृत विचार, लखनऊ : महानगर पुलिस ने लोगों के आधार व पैन कार्ड एडिट कर खुद की फोटो लगा पीड़ितों के नाम पर मोबाइल फोन फाइनेंस करने वाले जालसाज को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी की पहचान मदेयगंज के निरालानगर निवासी आदित्य रावत के रूप में हुई। इस पर 5 मार्च 2023 में राकेश कुमार रावत ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोपी ने राकेश के आधार व पैन कार्ड पर अपनी फोटो लगा उसके नाम से मोबाइल फाइनेंस कराया था। तब से वह फरार था। इंस्पेक्टर ने बताया कि आदित्य पहले भी वारदात कर चुका है। हजरतगंज पुलिस ने उसे जेल भेजा था। जहां से बाहर आने के बाद वह दोबारा आपराधिक वारदात अंजाम देने लगा।

# दो पिल्लों की गर्दन मरोड़ कर बुजुर्ग ने मार डाला, थैले में भरकर फेंका

## सीसीटीवी फुटेज से हुआ खुलासा, आसरा द हेल्पिंग हैंड ने की शिकायत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ आशियाना इलाके में हुई वारदात, पुलिस कर रही जांच

अमृत विचार : बुजुर्ग ने सड़क से दो पिल्लों (कुत्ते के बच्चों) को उठाया। उनकी गर्दन मरोड़ कर मारता रहा। उनकी हत्या करने के बाद एक प्लास्टिक के थैले में भरकर दूर ले जाकर फेंक दिया। घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। शनिवार सुबह फुटेज सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हुआ। हालांकि अमृत विचार इस तरह के वायरल वीडियो की पुष्टि नहीं करता है। इसके बाद आसरा संस्था की संस्थापिका ने आशियाना थाने में प्रार्थना पत्र दिया। जिस पर पुलिस जांच कर रही है। देर रात तक इस मामले में एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी।

सोशल मीडिया पर वायरल सीसीटीवी फुटेज आशियाना इलाके का है। जहां घर से 20 मीटर दूर बैठे दो पिल्ले दिखे। बुजुर्ग घर से पैदल निकला। दोनों पिल्लों को दबोच लिया। दोनों की गर्दन मरोड़ते हुए अपने घर के पास पहुंचा। मकान का दरवाजा खोलकर अंदर रखे एक प्लास्टिक के थैले में दोनों को डालकर बांध दिया। इसके बाद लाल रंग के स्कूटर से पिल्लों को दूर ले जाकर फेंक दिया। यह पूरी घटना बुजुर्ग के घर के पास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।

### रोडवेज से रिटायर्ड है आरोपी

आसरा द हेल्पिंग हैंड की संस्थापिका चारू खरे के मुताबिक पिल्लों को मारने वाले की पहचान रुचिखण्ड-दो निवासी बुजुर्ग के तौर पर हुई है। जो रोडवेज से सेवानिवृत है। चारू का आरोप है कि पिल्लों को मारने के संबंध में बात किए जाने पर बुजुर्ग के बेटे ने अभ्रदता की है। इंस्पेक्टर आशियाना छत्रपाल सिंह ने बताया कि तहरीर की जांच की जांच की जा रही है। वहीं, आरोपी बुजुर्ग की पहचान कराई जा रही है।

### पहले भी वायरल हो चुके हैं कई वीडियो

इस तरह के वीडियो पहले भी सोशल मीडिया पर वायरल हो चुके हैं। इसमें किसी ने कुत्ते के पिल्लों को मारकर जमीन में गाड़ दिया था। पशु प्रेमी को जब इसकी जानकारी हुई तो उसने गड्ढा खोद पिल्लों को निकलवाया था। इसके बाद पशु प्रेमी ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कराया था। हालांकि इसी जिले में एक चूहे की हत्या का भी वीडियो वायरल हो चुका है। आरोपी ने चूहे को रस्सी से बांधकर पानी में डूबो-डूबो मार डाला था। इसका वीडियो पशु प्रेमी ने अपने मोबाइल में कैद करके केस दर्ज कराया था। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया था, लेकिन बाद में उसे छोड़ दिया गया था।

# निजामपुर मल्हौर में दो करोड़ की जमीन कराई खाली, एफआईआर

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम ने शनिवार को सदर तहसील के निजामपुर मल्हौर गांव में दो करोड़ की जमीन खाली कराई है। साथ ही जमीन पर कब्जा करने वाले दो लोगों के खिलाफ चिनहट थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। खसरा संख्या 244, क्षेत्रफल .1960 हेक्टेयर राजस्व अभिलेखों में नवीन आबादी के लिए सुरक्षित भूमि में दर्ज है। नगर निगम की इस खाली भूमि पर ललित पुत्र राम हरख व सूरज पुत्र सुरेन्द्र द्वारा ट्रैक्टर ट्राली से मलबा डालकर कब्जा किया जा रहा था। नगर निगम के लेखपाल सुभाष कौशल व राकेश कुमार द्वारा दोनों के खिलाफ चिनहट थाने में लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम 2/3 के तहत एफआईआर दर्ज कराई गयी है।

# युवती का अपहरण, धर्म परिवर्तन कराकर निकाह कराने की दी धमकी

संवाददाता, मलिहाबाद

▸▸ एसीपी के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज, तलाश में जुटी पुलिस

अमृत विचार : मलिहाबाद थाना क्षेत्र में खेत से घर लौट रही युवती का बाइक से पहुंचे चार युवकों ने अपहरण कर लिया। एसपी के आदेश पर आरोपियों पर मामला दर्ज कर तलाश की जा रही है।

पुलिस के मुताबिक, थाना क्षेत्र निवासी दलित युवती की मां ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे उसकी बेटी खेत से घर लौट रही थी। इसी बीच दो बाइक से एक ही गांव में रहने वाले चार युवक जुहैब, साहिल, भोलू व जैद उसकी बेटी का अपहरण कर ले गये। आसपास के लोगों ने घटना की जानकारी पीड़ित मां को दी। पीड़िता का आरोप है कि वह आरोपियों के घर शिकायत करने पहुंची। जहां पर आरोपियों के परिजन ने गाली-गलौज कर युवती का धर्म परिवर्तन करा निकाह कराने की धमकी दी। मामले में एसीपी वीरेंद्र विक्रम ने बताया प्रार्थना-पत्र के आधार पर चारों आरोपियों पर अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की है।



सीतापुर रोड स्थित ओवर ब्रिज के समीप भाजपा की जनसभा के चलते सुरक्षा में लगी सीआरपी पुलिस फोर्स। अमृत विचार

# शादी डॉट कॉम पर दोस्ती, होटल बुलाकर दुष्कर्म

लखनऊ/सरोजनीनगर

▸▸ आरोपी ने खुद को वैज्ञानिक बता युवती को झांसे में लिया

▸▸ पीड़िता ने जानकीपुरम थाने में आरोपी पर दर्ज कराई रिपोर्ट

अमृत विचार : खुद को वैज्ञानिक बताने वाले आरोपी ने शादी का झांसा देकर होटल में युवती से दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो बना लिये। युवती ने शादी के लिये दबाव बनाया तो वीडियो वायरल करने की धमकी दी। पीड़िता के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस दिल्ली निवासी आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

जानकीपुरम इंस्पेक्टर के मुताबिक क्षेत्र में रहने वाली युवती ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि वर्ष 2023 में शादी डॉट कॉम के माध्यम से दिल्ली निवासी राजेंद्र वर्मा के बेटे अश्वनी कुमार वर्मा से उसकी दोस्ती हुई थी। तब अश्वनी ने खुद का परिचय डीआरडीओ में वैज्ञानिक के रूप में दिया था। पीड़िता का कहना है कि आरोपी ने अपने माता-पिता से मिलाने उसे दिल्ली स्थित घर बुलाया। जहां वह पहुंची तो घर पर वह अकेला मिला। इसके चलते वह वापस लखनऊ आ गई।

इस बीच आरोपी उससे मुलाकात करने दो बार लखनऊ आया। 4 अप्रैल को पीड़िता उसके साथ सरोजनीनगर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित एक होटल में ठहरी। जहां आरोपी ने नशीला पदार्थ मिलाकर खाना खिलाया। बेहोश होने पर दुष्कर्म कर चुपके से अश्लील वीडियो बना लिये। इसके बाद दिल्ली लौट गया। पीड़िता ने शादी की बात कही तो टाल-मटोल करने लगा। दबाव बनाने पर अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देने लगा। इसके बाद पीड़िता का मोबाइल नंबर भी ब्लैक लिस्ट कर दिया। स्थानीय पुलिस के सुनवाई नहीं करने पर पीड़िता ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की। तब उसे थाने भेजा गया। पीड़िता को जानकीपुरम पुलिस ने घटनास्थल सरोजनीनगर बता वापस कर दिया। सरोजनीनगर इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरि ने बताया दुष्कर्म का मामला दर्ज किया है। आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

# तेजाब से झुलसी वृद्धा, पुलिस को नहीं दी सूचना

अमृत विचार, लखनऊ : चौक क्षेत्र के लाजपतनगर निवासी रमा धवन (72) शनिवार बाथरूम में थीं। इसी दौरान उनके ऊपर वहां रखी तेजाब की बोतल ऊपर गिर गये। बुरी तरह झुलसने से वह चीखने लगीं। आनन-फानन परिजन उन्हें अस्पताल ले गए। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने घर भेज दिया। इंस्पेक्टर नागेन्द्र उपाध्याय के मुताबिक रमा धवन के पति की कुछ वर्ष पहले मौत हो चुकी है। वह भाई राजेन्द्र के साथ रहती हैं। मामले में पीड़िता ने कोई तहरीर नहीं दी है। तहरीर मिलने पर जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# फंदे से लटका मिला इलेक्ट्रीशियन का शव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सुशांत गोल्फ सिटी थाना क्षेत्र मे किराये पर रहता था

अमृत विचार : सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में इलेक्ट्रीशियन का शव फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजन आत्महत्या की बात कह रहे हैं। कारण पता होने से मना किया है। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम के साथ घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किये।

इंस्पेक्टर अंजनी कुमार मिश्र के मुताबिक, मूलतः गोरखपुर के बड़हलगंज निवासी सुधीर (22) अपने मामा के बेटे के साथ सुशांत गोल्फ सिटी के हसनपुर खेवली गांव में किराए के मकान में रहता था। वह प्राइवेट इलेक्ट्रीशियन का काम करता था। रोत की तरह ही शुक्रवार रात खाना खाकर कमरे में सोने गया था। शनिवार सुबह देर तक कमरे से नहीं निकला तो परिजन ने आवाजें दी। जवाब नहीं मिलने पर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोड़ा तो अंदर पंखे के हुक पर रस्सी के फंदे से शव लटका मिला।

इंस्पेक्टर ने बताया सुसाइड नोट नहीं मिला। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट होने पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

# तेंदुआ देख दहशत में ग्रामीण, वन कर्मी तलाश में जुटे

संवाददाता, लखनऊ/ मलिहाबाद

▸▸ रहीमाबाद थाना क्षेत्र का मामला, ड्राइवर ने खेत में देखा

अमृत विचार : रहीमाबाद क्षेत्र में शुक्रवार को इमानवल मिशन स्कूल के 100 मीटर आगे तेंदुआ चहल कदमी करते दिखा। स्कूल के वैन चालक ने तेंदुआ का वीडियो भी बनाया। सूचना पर शनिवार को वन विभाग की टीम ने मौका मुआयना किया, लेकिन तेंदुआ के पंजों के निशान नहीं मिले।

थाना अंतर्गत मवई कला रोड पर इमानवल स्कूल के पास बेता नाले के समीप स्कूल की वैन के चालक समीर अली पान की दुकान पर खड़े थे। तभी खेत में आहट लगी। ध्यान दिया तो सामने तेंदुआ चहल कदमी करते दिखा। समीर ने वीडियो बनाना शुरू किया तो तेंदुआ उनकी ओर बढ़ने लगा। वह भाग कर स्कूल पहुंचे और मामला बताया। लोग दौड़कर पहुंचे तब तक तेंदुआ लापता हो चुका था। समीर ने मामले की सूचना वन विभाग को दी। वन विभाग के रेंजर आलोक तिवारी ने बताया कि दिलीप चौहान व ताहिर खान के नेतृत्व में पांच सदस्यीय टीम ने शनिवार को मौके की जांच की। गेहूं कटने के बाद खेत सूखा होने से तेंदुआ के पंजे के निशान नहीं दिखे। बताया एहतियतन वन विभाग की टीम लगाई है। ग्रामीणों को तेंदुआ दिखता है तो तत्काल सूचना दें।



### इन गांवों के ग्रामीण दहशत में

तेंदुआ दिखने की जानकारी से दौलतपुर, रामनगर, बाकी नगर, मवई कला, तिरगंवा, रहीमाबाद, तिलक खेड़ा, महबूब खेड़ा, भटपुरवा के ग्रामीण दहशत में हैं। शाम होते ही ग्रामीण बच्चों को घर से नहीं निकलने दे रहे हैं।

# नाबालिग से दुराचार के दोषी को उम्रकैद

विधि संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नाबालिग के साथ दुराचार कर उसे मारने-पीटने के आरोपी को अपर सत्र न्यायाधीश राहुल मिश्रा ने उम्र कैद के साथ-साथ 26 हजार 500 रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई है।

एडीजीसी नरेंद्र सिंह गौतम ने अदालत को बताया कि इस प्रकरण की रिपोर्ट पीड़िता के पिता द्वारा बाजारखाला थाने में लिखाई गई थी। उसने कहा है कि 2 सितंबर 2012 की शाम को वह अपनी 10 वर्षीय बेटी के साथ हिंद सिनेमा स्थित पेंट की दुकान पर गए थे। जहां से अचानक उसकी पुत्री गायब हो गई थी। अदालत को यह भी बताया गया कि 10 सितंबर 2017 को जब पीड़िता अपनी मां के साथ सामान लेकर एवरेडी चौराहे की तरफ आ रही थी तभी उसकी पुत्री ने रिक्शा स्टैंड के पास बैठे व्यक्ति की ओर इशारा करके बताया कि इसी व्यक्ति ने उसे बताशे खिलाने के बहाने ले जाकर उसके साथ मारपीट की और गलत काम किया। अदालत को यह भी बताया गया कि पीड़िता की मां ने उस व्यक्ति को बुलाकी अड्डा स्थित लक्ष्मणगंज निवासी चंदन के नाम से पहचाना तथा बताया कि वह श्यामलाल का बेटा है। आरोपी को कारावास एवं जुर्माने की सजा से दंडित करते करने के बाद अदालत ने अपने निर्णय में कहा है कि इस निर्णय की एक प्रति जिला मजिस्ट्रेट लखनऊ को भेजी जाए।

# एसी में शार्ट सर्किट से घर में लगी आग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ वृंदावन सेक्टर-5 में हुआ हादसा, गृहस्थी जल गई



अमृत विचार : पीजीआई इलाके के वृंदावन सेक्टर-5 स्थित दो मंजिला मकान में शुक्रवार देर रात अचानक एसी में शार्ट सर्किट से आग लग गई। अचानक लपटें निकलती देख महिलाएं शोर मचाती हुईं बाहर भागी। सूचना पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आधे घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया।

एफएसओ पीजीआई मामचंद बड़गूजर के मुताबिक वृंदावन सेक्टर पांच में उमेश ओझा परिवार के साथ रहते हैं। शुक्रवार रात 10 बजे उमेश की पत्नी पुष्पा व एक और महिला घर पर थी। पहली मंजिल स्थित कमरे में एसी में हुए शार्ट सर्किट से आग लग गई। आग की लपटें देख हड़कंप मच गया। आग देख दोनों महिलाएं शोर मचाते हुए भागकर नीचे आ गई। चीख पुकार सुन आसपास के लोग भी जुट गए। लागों ने पानी डालकर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। आग बढ़ती देख पुलिस और अग्निशमन विभाग को सूचित किया। कुछ ही देर में एफएसओ पीजीआई मामचंद बडगूजर दो दमकल के साथ मौके पर पहुंच गए। एफएसओ के मुताबिक आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया गया। आग से कोई हताहत नहीं नहीं हुआ है। आग की चपेट में आकर बेड व गृहस्थी का अन्य सामान जल गया।

### शालीमार इंपीरियल के फ्लैट के एसी में लगी आग

अमृत विचार, लखनऊ : हजरतगंज के गोखले मार्ग पर स्थित शालीमार इंपीरियल अपार्टमेंट के आठवें तल पर बने फ्लैट के एसी में शनिवार शाम को आग लग गई। सूचना मिलते ही हजरतगंज फायर स्टेशन से दमकल की एक गाड़ी पहुंची। आग पर आधे घंटे में काबू पाया। हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ। एफएसओ रामकुमार रावत के मुताबिक शाम 5 .40 बजे आग लगने की सूचना मिली। मौके पर पहुंची टीम ने आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। एफएसओ ने बताया कि आग अपार्टमेंट के ई-टावर के आठवीं मंजिल पर बने फ्लैट में लगी थी। फ्लैट के अंदर काफी धुआं भर गया था। इस कारण फायर मैन आशीष पांडेय को बीए सेट पहनाकर अंदर भेजा गया। आग पर काबू पाने के बाद घर के सारे दरवाजे व खिड़कियों को खोल दिया गया। ताकि धुआं बाहर निकल सके। एफएसओ के मुताबिक फ्लैट मुरारी स्वरूप का है। जिसे उन्होंने आरिंद्रम उपमन्यु को किराए पर दिया है। हादसे के वक्त पूरा परिवार अंदर था। लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

### एसडीओ,जेई उपकेंद्र पर रहेंगे शाम 8 से 12 मौजूद

अमृत विचार,लखनऊ : उप्र पावर कारपोरेशन ने शनिवार को लोकसभा चुनाव तक फील्ड में तैनात अधिकारियों को अवकाश स्वीकृत न करने का आदेश जारी किया है। साथ ही उपकेंद्र अधिकारियों को उपभोक्ताओं की समस्याओं के निस्तारण के लिए शाम 8 बजे से रात 12 बजे तक उपकेंद्र पर मौजूद रहने का निर्देश जारी किया है। मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि शहर में होने वाले मतदान को देखते हुए विभाग की ओर से चुनाव सम्पन्न होने तक सभी अधिकारियों का अवकाश न देने का निर्देश जारी किया है। साथ ही राजधानी में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए निर्बाध बिजली आपूर्ति को सुनिश्चित कराने और उपभोक्ताओं की सभी समस्याओं के निस्तारण के लिए उपखंड अधिकारी और अवर अभियंता को उपकेंद्र पर मौजूद रहने का आदेश जारी किया गया है। विभाग की ओर से आदेशों के पालन करने में जो अधिकारी लापरवाही बरतेगा,उसके खिलाफ नियमानुसार विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

# धमकी से डरे छात्र कॉलेज नहीं जा रहे प्रवेश पत्र लेने

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सीनियर छात्रों पर गाली गलौज व अभद्रता का आरोप

▸▸ बीबीडी थाना क्षेत्र का मामला दो छात्रों पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार : बीबीडी थाने में बीबीए के सीनियर छात्र ने दो के खिलाफ जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया है। पीड़ित ने बताया कि डर के कारण कॉलेज प्रवेश पत्र लेने नहीं जा रहा है।

इंस्पेक्टर बीबीडी अजय नारायण सिंह के मुताबिक मुंशीपुलिया के पास रहने वाले स्वाभिमान सिंह बीबीडी में बीबीए द्वितीय वर्ष का छात्र है। उसने दिये प्रार्थना-पत्र में बताया वह सहपाठी आदित्य प्रताप सिंह और विशाल सिंह के साथ कॉलेज आवाजाही करता है। इस दौरान कॉलेज के सीनियर छात्र ज्ञान चतुर्वेदी, आशुतोष सिंह, नितिन , शेखर व कौशल रास्ते में रोक कर गाली-गलौज कर धमकी देते हैं। उसे व दोस्तों को फोन पर भी कॉलेज आने पर गोली मारने बात कह रहे हैं। इससे तीनों काफी डरे हुए हैं। प्रवेश पत्र लेने तक नहीं जा रहे हैं। इंस्पेक्टर ने बताया चारों आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

### बाइक सवार युवक ने पीछा कर कार पकड़ी, चालक फरार

अमृत विचार, लखनऊ: पीजीआई क्षेत्र के वृंदावन सेक्टर 19 में शनिवार रात तेज रफ्तार कार चालक ने बुलेट में टक्कर मार दी। हादसे में बुलेट चालक व्यापारी समेत तीन लोग घायल हो गए। भागने का प्रयास कर रहे कार को राहगीर ने बाइक से पीछा कर हुसेड़िया चौराहे पर पकड़ लिया, लेकिन चालक फरार हो गया। इंस्पेक्टर ब्रजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक, व्यापारी सुनील सिंह अपनी भाभी लवली और भतीजे मयंक सिंह के साथ बुलेट पर वृंदावन सेक्टर 19 घर जा रहे थे। घर के पास तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर घायल हो गए। इस बीच बाइक सवार धर्मेंद्र यादव ने कार सवार को भागते देख पीछा कर हुसेड़िया चौराहे पर घेर लिया। इस पर आरोपी चालक कार छोड़ कर भाग निकला। पुलिस ने कार कब्जे में ली है। कार नंबर के आधार पर चालक का पता लगाया जा रहा है। इंस्पेक्टर ने बताया कि तीनों का इलाज चल रहा है। चालक की तलाश के लिए एक टीम लगाई है।

## अरूणा शानबाग की याद में श्रद्धांजलि सभा आयोजित



**अमृत विचार, लखनऊ :** बलरामपुर चिकित्सालय में राजकीय नर्सेज संघ उप्र. की ओर से अरुणा रामचंद्र शानबाग की पुण्यतिथि पर शनिवार को श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। संघ के महामंत्री अशोक कुमार ने बताया कि अरुणा मुंबई में एक अस्पताल में स्टाफ नर्स के पद पर कार्यरत थीं। अरुणा का एक वार्ड ब्वॉय सोहनलाल भरथा बाल्मीकि ने यौन शोषण किया एवं विरोध करने पर कुत्ते बांधने वाली चैन से गला घोंट दिया। जिसके बाद वह कोमा में चली गई थीं। 42 साल तक वह इस अवस्था में रहीं। उनकी मृत्यु 18 मई 2015 को मुंबई के एक निजी अस्पताल में हुई थी। श्रद्धांजलि सभा में सहायक नर्सिंग अधीक्षका नीलम गुप्ता, महेन्द्र श्रीवास्तव, गीतांशु वर्मा, राजेश श्रीवास्तव, स्मिता मौर्य मौजूद रहीं।

## गोरखा समुदाय ने दिया एनडीए को समर्थन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सनातन गोरखा कल्याण समिति की ओर से लोकसभा चुनाव 2024 और उपचुनाव में एनडीए गठबंधन के उम्मीदवारों का समर्थन करने का ऐलान किया है। तेलीबाग में आयोजित प्रेसवार्ता में शनिवार को प्रदेश अध्यक्ष गौरव सिंह ने बताया कि गोरखा समुदाय के संगठन ने आगामी तीन चरणों में होने वाले चुनाव में एनडीए को अपना समर्थन दिया है। सभी गोरखा समुदाय के लोग प्रत्याशियों के समर्थन में घर–घर जनसम्पर्क करेंगे।

# शीर्ष वरीयता प्राप्त महालिंगम को हरा शंकर बने चैंपियन

## जूनियर आईटीएफ टेनिस : बालिका वर्ग में लक्ष्मीसिरी ने बाजी मारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** जूनियर आईटीएफ टेनिस चैंपियनशिप में बालिका वर्ग के एकल फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त भारत की लक्ष्मीसिरी डोंडू ने शानदार प्रदर्शन किया और जीत दर्ज कर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। बालक वर्ग में शनिवार को बड़ा उलटफेर देखने को मिला। गैरवरीय खिलाड़ी भारत के शंकर हेस्नाम ने शीर्ष वरीयता प्राप्त के. महालिंगम अखिलेंदीश्वरी को फाइनल में हराया। इस मुकाबले में जीत के लिए शंकर को खासी मशक्कत करनी पड़ी। लंबा चला यह मुकाबला तीन सेटों तक खिंचा।

विजेता और उपविजेता खिलाड़ियों को प्रसार भारती के चेयरमैन डॉ. नवनीत सहगल, आईएएस भूपेंद्र चौधरी, एडीजी ट्रैफिक बीडी पॉल्सन ने पुरस्कृत किया। इस अवसर यूपीटीए सचिव पुनीत अग्रवाल, उपाध्यक्ष ब्रिगेडियर एके सिन्हा, हेड कोच विजय पाठक, टेक्निकल हेड समित केसरी भी मौजूद रहे।



विजेता खिलाड़ियों के साथ प्रसार भारती के चेयरमैन डॉ. नवनीत सहगल।

गोमती नगर के विजयंत खंड मिनी स्टेडियम में आयोजित की गई चैंपियनशिप में एकल के फाइनल मुकाबले शनिवार को खेले गए। सुबह खेले गए बालिका एकल वर्ग के फाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त लक्ष्मीसिरी डोंडू को जीत के लिए अधिक मेहनत नहीं करनी पड़ी। उन्होंने पांचवी वरीयता प्राप्त हमवतन ऐश्वर्या जाधव को सीधे सेट में 6-3, 6-1 से हरा दिया। लक्ष्मी ने पूरे मैच में अपना दबदबा बनाए रखा। एक घंटा पचास मिनट तक चले मैच के बीच में ऐश्वर्या ने अपने खेल की चमक दिखाई, लेकिन लक्ष्मी ने अपनी कोर्ट कवरेज और ग्राउंड स्ट्रोक्स से उसे वापसी नहीं करने दी।

बालक वर्ग के फाइनल में जीत के लिए जोरदार मुकाबला देखने को मिला। 2 घंटा 45 मिनट तक चले इस रोलर कोस्टर टेनिस मैच में दूसरी वरीयता शंकर हेस्नाम ने रोमांचक जीत दर्ज की। शंकर ने शीर्ष वरीयता प्राप्त के.महालिंगम अखिलेंदेश्वर को तीसरे सेट तक खिंचे मैच में 4-6, 7-5, 6-4 से हराकर खिताब पर कब्जा जमा लिया। महालिंगम ने पहला सेट आसानी से जीत लिया। दूसरे सेट में शंकर ने बेहतरीन खेल दिखाया और दूसरा सेट 7-5 से जीता। तीसरे सेट में शंकर की दो बार सर्विस ब्रेक हुई पर 0-4 से पीछे होने बाद शंकर ने लगातार छह गेम जीतकर खिताब पर कब्जा जमा लिया।

# तैराकी के खिलाड़ी नहीं गए घर, कर रहे अभ्यास

## जुलाई माह से शुरू होंगी तैराकी की जिला, राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** गर्मी की छुट्टियां शुरू हो गई हैं, लेकिन केडी सिंह बाबू स्टेडियम के चंद खिलाड़ी छुट्टियों में भी छात्रावासों में मौजूद हैं। इन खिलाड़ियों का लक्ष्य लखनऊ के लिए पदक जीतना है। जुलाई माह में होने वाली तैराकी प्रतियोगिताओं में दमदार प्रदर्शन करने को ये खिलाड़ी यहां रह कर अभ्यास में जुटे हुए हैं। इन खिलाड़ियों को छात्रावास में रह कर अभ्यास की अनुमति भी खेल

**▸▸ खिलाड़ियों को गर्मी की छुट्टियों में छात्रावासों में रहने की अनुमति**

विभाग ने दे दी है।

केडी सिंह बाबू स्टेडियम में तैराकी के साथ हॉकी, एथलेटिक्स, वॉलीबाल का छात्रावास मौजूद है। छात्रावास के खिलाड़ी समर वैकेशन में घर चले जाते हैं। इस बार तैराकी छात्रावास के बालक और बालिकाओं ने घर जाने के बजाय यहीं पर रह कर अभ्यास का निर्णय लिया। खिलाड़ियों ने बताया कि जुलाई

> प्रतियोगता को देखते हुए खिलाड़ियों के रहने के साथ ही उनके खाने की व्यवस्था की गई है। साथ ही प्रशिक्षकों को भी बेहतर ट्रेनिंग के निर्देश भी जारी किए गए हैं।
>
> –अजय कुमार सेठी, क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी, लखनऊ परिक्षेत्र खेल विभाग, उप्र

से तैराकी की जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताएं शुरू हो जाएंगी। इन प्रतियोगिताओं में बिना अभ्यास के पदक लाना संभव नहीं है।

अन्य प्रदेशों में 12 महीने अभ्यास की सुविधा रहती है। हमारे यहां तो सिर्फ गर्मियों में ही अभ्यास की सुविधा मिलती है। इस अप्रैल से तैराकी शुरू हुई है। हमारे पास मई-जून का समय ही है। इसलिए हमने अभ्यास को प्राथमिकता दी और लखनऊ को पदक दिलाने को हम लोगों ने घर न जाने का फैसला लिया। तैराकी छात्रावास में 15 लड़के और 15 लड़कियां मौजूद हैं। इनमें 12 से 15 वर्ष के खिलाड़ी मौजूद हैं।

## महासमिति ने मतदान करने की दिलाई शपथ

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमती नगर जनकल्याण महासमिति ने शनिवार को विनीत खंड छह में जयपुरिया इंस्टीट्यूट के पीछे स्थित अयप्पा मंदिर में मतदाता जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को पांच लाख से अधिक मतों से विजयी बनाने के लिए पूजा-अर्चना कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई गयी। इस अवसर पर बीएन सिंह अध्यक्ष, राघवेंद्र शुक्ला महासचिव, कर्नल एएन पांडे अतिरिक्त महासचिव सहित सभी खंडों के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बीमर व ड्रीम्स एकादश फाइनल में

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** हिल्टन कप के लिए खेले जा रहे महिला टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में धमाकेदार जीत के साथ ही बीमर और ड्रीम्स एकादश ने फाइनल में जगह बनाई। दोनों टीमों में खिताबी मुकाबला केडी सिंह बाबू स्टेडियम पर रविवार को खेला जाएगा। पहले सेमीफाइनल में ड्रीम्स ने परफार्मर्स को 10 विकेट से रौंद कर फाइनल में जगह बनाई। दूसरे सेमीफाइनल में बीमर ने स्पाइकर्स को 100 रनों से हरा कर फाइनल का टिकट हासिल किया।



मैच ऑफ द मैच प्रियांशी यादव।



मैच ऑफ द मैच काजल टमटा।

पहले बल्लेबाजी करते हुए परफार्मर्स एकादश ने 15.2 ओवर में सभी विकेट खोकर 51 रनों का स्कोर बोर्ड पर टांगा। ड्रीम्स की ओर से फिरकी गेंदबाज प्रियांशी यादव ने 4 विकेट चटकाए। जवाब में ड्रीम्स एकादश ने 10.3 ओवर में बिना विकेट खोये 52 रन बनाए और जीत दर्ज की। प्लेयर ऑफ द मैच प्रियांशी यादव ने 6 चौके की मदद से 40 गेंदों में नाबाद 36 रनों की पारी खेली।

दूसरे सेमीफाइनल में प्लेयर ऑफ द मैच काजल टमटा की गेंदबाजी की बदौलत बीमर एकादश ने स्पाइकर एकादश को 100 रन से हरा दिया।

# नारी उत्पीड़न की दास्तान है अरण्य रुदन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विजय बेला थियेटर ग्रुप और सफर फाउंडेशन ने शनिवार की शाम संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक अरण्य रुदन का मंचन किया। जगदीश त्रिवेदी द्वारा लिखित और चन्द्रभाष सिंह द्वारा निर्देशित एक शैतान राजा मीर कामसू की कहानी है। मीर कामसू नारी उत्पीड़न के लिए कुख्यात है और इसी अपराध में उसे अपनी जान गंवानी पड़ती है।

मीर कामसू के कोई संतान नहीं है। उसे धर्म को आडम्बर बनाने वाले बताते हैं कि अगर वह सात कुंवारी कन्याओं को देवी बनाकर उनके साथ रात भर रहे तो उसकी पत्नी मां बन सकती हैं। वह न सिर्फ उनके साथ रहता है बल्कि उनका यौन उत्पीड़न करने लगता है। उसकी पत्नी इसका विरोध करती है। राजा नहीं मानता तो वह आत्महत्या कर लेती है। इसके



वाल्मीकि रंगशाला में नाटक 'अरण्य रुदन' का मंचन करते कलाकार। अमृत विचार

बावजूद वह सातवीं कन्या के शोषण की योजना बनाता है और उसकी मां अपनी बेटी को बचाने के लिए अपनी जान पर खेल जाती है। अंततः दुष्ट राजा का अंत हो जाता है।

नाटक में जूही कुमारी, अनमोल धुलियानी, निहारिका कश्यप, शिवानी गुप्ता, साक्षी अवस्थी, दीक्षा शर्मा, सुन्दरम मिश्रा, प्रणव श्रीवास्तव, कोमल प्रजापति, हर्ष आर्यन पाण्डेय, कृष्ण कुमार पाण्डेय, अभय प्रताप सिंह, आर्यमान गौतम, नवीन मिश्रा, संतोष पाल, सतीश मिश्रा और चेतिष्ठा सिंह ने उल्लेखनीय भूमिकाएं अदा कीं।

## पीजीआई में चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसजीपीजीआई में शनिवार को नर्सिंग स्टाफ एसोसिएशन की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। संस्थान कर्मियों के साथ ही मरीज और तीमारदारों को मतदान के लिए जागरूक किया।

एनएसए की अध्यक्ष लता सचान और महामंत्री विवेक के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने संस्थान कर्मचारियों से अपील की कि वो 20 मार्च को संस्थान परिसर स्थित सामुदायिक केंद्र में बनाये गए मतदान केंद्र पर पहुंच कर मतदान जरूर करें। नर्सिंग कर्मियों ने संस्थान परिसर और अलग-अलग वार्ड और ओपीडी समेत अन्य जगहों पर तैनात अधिकारियों व कर्मचारियों को मतदान के लिए प्रेरित किया। अभियान में यूनियन के उपसंरक्षक रविन्द्र सिंह, उपाध्यक्ष सुजान सिंह उपाध्यक्ष, राजकुमार संगठन मंत्री के अलावा मनोज, सुक्लेश आदि शामिल रहे।

# 'रहिमन पानी राखिये' ने दिया भेदभाव के खिलाफ संदेश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ लोकयात्री की कार्यशाला में तैयार नाटक का मंचन**

**अमृत विचार :** लोकयात्री की 45 दिन की कार्यशाला में तैयार नाटक रहिमन पानी राखिये का शनिवार की शाम अंतरराष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान के प्रेक्षागृह में मंचन किया गया। राघवेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा लिखित व निर्देशित इस नाटक में समाज में मनुष्य-मनुष्य के बीच के भेदभाव पर रोशनी डाली गई है। इस संगीतमय प्रस्तुति को बहुत शानदार अंदाज में तैयार किया गया।

कहानी एक ऐसे गांव की है, जिसमें जमींदार के कुएं का पानी पूरा गांव पीता है। जमींदार के घर जिस वर्ष बेटा पैदा होता है, उसी साल कुआं खोदा जाता है। जमींदार का बेटा समर कुआं खोदने वाले की बेटी से प्यार करने लगता है। यह बात जमींदार के घर पहुंचती है तो हंगामा हो जाता है। जमींदार कुआं खोदने वाले को बुलाता है और उससे कहता है कि वह अपनी बेटी की तुरंत शादी कर दे। शादी का खर्च वह खुद उठाएगा।

जमींदार के इस आदेश का उसका बेटा समर खुद विरोध करता है। वह साफ करता है कि अगर उसकी शादी उसकी मर्जी से नहीं हुई तो फिर वह शादी ही नहीं करेगा। हंगामा बढ़ता है तो जमींदार की पत्नी कुएं में कूदने को लपकती है लेकिन उसे बचाने के चक्कर में समर की प्रेमिका कुएं में गिर जाती है और उसकी मौत हो जाती है। उसकी मौत के बाद समर अपना घर छोड़कर चला जाता है।

नाटक में आयशा खां, नीलम मौर्या, अमित पाण्डेय, विशाल श्रीवास्तव, राय यश अजय, फतेह सिंह और अमन कुमार ने सराहनीय भूमिकाएं अदा कीं।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**खुली निविदा सूचना (ई-निविदा)**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **10.06.2024** को **15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | | 04302024 दिनांक 17-05-2024 |
| 2 | निविदा संख्या | | 14 / Sr.DEN-V/LKO/2023-24<br>15 / Sr.DEN-V/LKO/2023-24 |
| 3 | कार्य का नाम | 1- | सहायक मण्डल इंजीनियर/द्वितीय/लखनऊ के अधीन नमूना संग्रह सहित नीव की मिटटी की खोज करना, सभी प्रासंगिक रिर्पोटों का परीक्षण प्रस्तुत करना और दोनो तरफ ट्रैक/सड़क के साथ क्षेत्र विवरण एकत्र करने सहित सर्वेक्षण का संचालन करना, जीएडी (सॉफ्ट कापी के साथ फिल्म पर मूल मॅल पैमाने पर प्रस्तुत करना) समपार के बदले विभिन्न आरओबी/आरयूबी साईटों पर विस्तृत परियोजना तैयार करना। |
| | | 2- | सहायक मण्डल इंजीनियर/अयोध्या कैंट के अधीन नमूना संग्रह सहित नीव की मिटटी की खोज करना, सभी प्रासंगिक रिर्पोटों का परीक्षण प्रस्तुत करना और दोनो तरफ ट्रैक/सड़क के साथ क्षेत्र विवरण एकत्र करने सहित सर्वेक्षण का संचालन करना, जीएडी (सॉफ्ट कापी के साथ फिल्म पर मूल मॅल पैमाने पर प्रस्तुत करना) समपार के बदले विभिन्न आरओबी/आरयूबी साईटों पर विस्तृत परियोजना तैयार करना। |
| 4 | अनुमानित लागत | 1- | Rs. 22,53,659.91 |
| | | 2- | Rs. 33,41,198.91 |
| 5 | धरोहर राशि | 1- | Rs. 45,100.00 |
| | | 2- | Rs. 66,800.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | क्रम सं.1 एवं 2 के लिये। | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से दो माह। |
| 7 | निविदा डालने का प्रारंभ | | 27.05.2024 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | | 10.06.2024 15:00 बजे. |
| 9 | वेबसाईट | | www.ireps.gov.in |

**नोट:-** निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध हैं।
**दिनांक: 17.05.2024** **1513/24**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पीजीआई में अब तक हुए 209 बोन मैरो ट्रांसप्लांट



समारोह के दौरान केक काटतीं केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** एसपीजीआई के हेमेटोलॉजी विभाग में अब तक 209 बोन मैरो ट्रांसप्लांट किये गये हैं। प्रत्यारोपण की सफलता पर शनिवार को विभाग में समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद मौजूद रहीं।

केजीएमयू की कुलपति डॉ. नित्यानंद ने वर्ष 1999 में पीजीआई के हेमेटोलॉजी विभाग में बोन मैरो प्रत्यारोपण शुरू किया था। मुख्यमंत्री योगी ने वर्ष 2019 में संस्थान में नई बीएमटी इकाई का उद्घाटन किया था। कोरोना के समय प्रत्यारोपण बंद रहा। विभाग के डॉक्टरों ने जुलाई 2021 से अब तक 109 प्रत्यारोपण किये हैं।

# कुलपति ने मतदाताओं को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ बाबूगंज और डालीगंज इलाके में चलाया गया अभियान**

**अमृत विचार :** लखनऊ विश्वविद्यालय की ओर से बाबूगंज और डालीगंज इलाके में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय की अगुवाई में मुख्य कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, चीफ प्रवोस्ट प्रो. अनूप सिंह, एनएसएस समन्वयक डॉ. अमरेन्द्र कुमार, डॉ. ओपी शुक्ला समेत अन्य शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राओं ने पैदल मार्च निकाला। इस दौरान राहगीरों व दुकानदारों को कुलपति ने पर्चे बांटे। साथ ही उनसे मतदान करने की अपील की। इस अभियान में रास्ते भर छात्र-छात्राएं पहले जलपान-फिर मतदान, एक प्रयास



लोगों से मिलकर वोट देने की अपील करते लविवि के कुलपति प्रो. आलोक राय।

मतदाता जागरूकता के नाम, छोड़ो अपने सारे काम-पहले चलो करें मतदान, लोकतंत्र का भाग्य विधाता-होता है जागरूक मतदाता, लोकतंत्र का करो सम्मान-शत प्रतिशत करो मतदान जैसे नारे लगाते रहे।

# शिक्षा व शोध के केंद्र हैं संग्रहालय : डॉ. सहगल

## पुरस्कार वितरण के साथ अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस समारोह का समापन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर आयोजित तीन दिवसीय समारोह का समापन शनिवार को पुरस्कार वितरण के साथ हो गया। संग्रहालय के महत्व को समझते हुए 18 मई, 1983 को संयुक्त राष्ट्र ने अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य लोगों में संग्रहालयों के प्रति जागरूकता लाना है ताकि वह अपने इतिहास और संस्कृति को समझ सकें। लोग यह जान सकें कि संग्रहालय शिक्षा और अनुसंधान के लिए हैं।

अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर राज्य संग्रहालय, लोक कला संग्रहालय और संस्कृति विभाग उप्र. के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन राज्य संग्रहालय, लखनऊ के सभागार में किया गया। कार्यक्रम की मुख्य



अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस पर पुरस्कृत किए गए छात्र।

अतिथि वास्तुकला एवं योजना संकाय की प्रधानाचार्य डॉ. वन्दना सहगल थीं।

संग्रहालय भ्रमण, संग्रहालय के प्रति जागरूकता अभियान, राज्य संग्रहालय में ऑन द स्पॉट लाइव स्केचिंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों द्वारा बनायी गयी कलाकृतियों की प्रदर्शनी एवं कठपुतली प्रदर्शन का आयोजन किया गया। डॉ. वंदना सहगल और संग्रहालय की निदेशक डॉ. सृष्टि धवन ने स्केचिंग एवं पेन्टिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार टेक्नो ग्रुप ऑफ हायर स्टडीज के सर्वजीत, द्वितीय पुरस्कार गोयल इन्स्टीट्यूट ऑफ हायर स्टडीज की प्रीति चौधरी, तृतीय पुरस्कार एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के उत्कर्ष गुप्ता को और पांच सांत्वना पुरस्कार सिद्धार्थ गुप्ता, दीपक वर्मा, अंशिका शुक्ला, शिवम त्रिपाठी और अभिनंदिता गुप्ता को दिए गए।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

खुली ई–निविदा सूचनाः **NER-LJN-2024-46 to NER-LJN-2024-76**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई–निविदायें आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है: ई–निविदा संख्याः NER- LJN-2024- 55, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2025ः जोन सं. 1 में जोनल कार्य – क्षेत्र : लखनऊ जंक्शन स्टेशन क्षेत्र, स्टेशन भवन, प्लेटफार्म, 1.0 कि.मी. तक अन्य सर्विस बिल्डिंग और कानपुर अनवरगंज की अन्य संपत्तियां का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): ₹ 10074102.60, अग्रिम धन (रू.): ₹ 200400.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2024-56, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025 : जोन सं. 2 में जोनल कार्य – क्षेत्र : चारबाग लोको कॉलोनी, लखनऊ जंक्शन बीजी वॉशिंग कॉम्प्लेक्स, रेलवे स्टेडियम, आरपीएफ बैरक, रेलवे कॉलोनी के साथ सेवा भवन सर्विस बिल्डिंग का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): ₹ 15692392.87, अग्रिम धन (रू.): ₹ 228500.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2024- 57, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य जून, 2025 : जोन सं. 3 में जोनल कार्य – क्षेत्र : ऐशबाग कॉलोनी, पॉलीक्लिनिक एवं सर्विस बिल्डिंग, ऐशबाग रेलवे स्टेशन, सर्विस बिल्डिंग, लखनऊ सिटी एवं डालीगंज रेलवे स्टेशन/सर्विस बिल्डिंग एवं कॉलोनी का कार्य। (लेवल क्रॉसिंग और पुलों को छोड़कर।), अनुमानित लागत (रू.): ₹ 14403092.37, अग्रिम धन (रू.): ₹ 222000.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER- LJN-2024- 58, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025ः जोन सं. 4 में जोनल कार्य–क्षेत्र : व. बाग पूर्वोत्तर रेलवे कॉलोनी एवं डीआरएम कार्यालय भवन, अनुमानित लागत (रू.): ₹ 11826446.60, अग्रिम धन (रू.): ₹ 209100.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER- LJN-2024- 46, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025ः जोन सं. 5 में– क्षेत्र : डालीगंज ( रहित) से बुढ़वल ( सहित) किमी. 774 / 4 से 763 / 4 तथा 745/0 से 718/0 तक तथा डालीगंज ( रहित ) से अटरिया ( रहित ) एवं किमी. 1/0 से 38/0 तक एवं समपार सं. 2ए से किमी. 4/0 मानकनगर ( रहित), बादशाहनगर स्थित सभी कार्यालय, स्टेशन भवन एवं आवासीय परिसर का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): ₹ 21308301.50, अग्रिम धन (रू.): ₹ 256600.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2024- 47, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025ः जोन सं. 5A में–क्षेत्रः बादशाहनगर मण्डल रेलवे अस्पताल एवं ऐशबाग हेल्थ युनिट का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): ₹ 15253398.00, अग्रिम धन (रू.): ₹ 226300.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2024- 48, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025ः जोन सं. 6 में–क्षेत्रः वुढ़वल ( रहित ) से गोण्डा कचहरी (रहित ) किमी. 718/0 से किमी. 663/5–6 तक का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): ₹ 10665553.30, अग्रिम धन (रू.): ₹ 203300.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER- LJN-2024- 49, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2025 : जोन सं. 7 में– क्षेत्र : गोंडा मुख्यालय क्षेत्र 'ए' रोड संख्या 1 से 18 तथा साहब गंज कालोनी, सेमरा, एवं गिरजा कॉलोनी का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): ₹ 20405910.85, अग्रिम धन (रू.): ₹ 252000.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2024- 50, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2025ः जोन सं. 7 A में–क्षेत्र : गोंडा इंजीनियरिंग कालोनी, स्टेशन कालोनी, जी. आर. पी. बैरेक व कालोनी, अधिकारी विश्रामालय, अधिकारी आवास, जॉइंट ऑफिस, डीजल ट्रेनिंग सेंटर, स्विच रूम आदि का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): ₹ 14974042.35, अग्रिम धन (रू.): ₹ 224900.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2024- 51, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2025ः जोन सं. 8 में–क्षेत्र : गोण्डा मुख्यालय क्षेत्र 'B' (नक्शे के अनुसार) का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): ₹ 21613052.35, अग्रिम धन (रू.): ₹ 228100.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2024- 52, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025 : जोन सं. 8 A में–क्षेत्रः गोण्डा में स्थित आर. ओ. एच भवन एवं आर. ओ. एच. शेड का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): ₹ 6218428.44, अग्रिम धन (रू): ₹ 124400.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2024- 53, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025ः जोन सं. 9 में–क्षेत्रः गोण्डा स्टेशन – गोण्डा कचहरी (सहित) से मोतीगंज (रहित) तक का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): ₹17545834.05, अग्रिम धन (रू.): ₹ 237700.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2024-54, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025 : जोन सं. 9A में–क्षेत्रः गोण्डा डीजल शेड मे कार्य, अनुमानित लागत (रू.): ₹ 6297023.53, अग्रिम धन (रू.): ₹ 126000.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2024-59, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025ः जोन सं. 10 में–क्षेत्रः मसकनवा ( रहित ) से बरूआचक (रहित) किमी. 616/0 से 644/0 एवं मनकापुर ( सहित ) से अयोध्या ( रहित ) कि. मी. 0/0 से 36/8–9 का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): ₹ 12084746.10, अग्रिम धन (रू.): ₹ 210400.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2024- 60, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025 : जोन सं. 11 में–क्षेत्रः मुंडेरवा (रहित) से मसकनवा (सहित) किमी. 557/0 से किमी 616/0 का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): 21672800.58, अग्रिम धन (रू.): 258400.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER- LJN-2024- 61, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025 : जोन सं. 12 में– क्षेत्रः मुण्डेरवा (सहित) से गोरखपुर (रहित) तक का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): 16918798.45, अग्रिम धन (रू.): 234600.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2024- 62, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025 : जोन सं. 13 में क्षेत्रः गोरखपुर क्षेत्र 'A' (नक्शे के अनुसार) का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): 10036069.50, अग्रिम धन (रू.): 200200.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER- LJN-2024- 63, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025ः जोन सं. 14 में– क्षेत्रः गोरखपुर क्षेत्र 'B' (नक्शे के अनुसार) का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): 7201573.85, अग्रिम धन (रू.): 144000.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER- LJN-2024- 64, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025ः जोन सं. 14 'A' में– क्षेत्रः गोरखपुर क्षेत्र 'C' ( नक्शे के अनुसार) का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): 5865168.31, अग्रिम धन (रू.): 117300.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2024- 65, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025 : जोन सं. 14 'B' में– क्षेत्रः गोरखपुर क्षेत्र 'D' (नक्शे के अनुसार) का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): 6887668.31, अग्रिम धन (रू): 137800.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER- LJN-2024- 66, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025ः जोन सं. 14'C' में– क्षेत्रः गोरखपुर क्षेत्र इल्केट्रिक लोको शेड का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): 9246858.44, अग्रिम धन (रू.): 184900.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER- LJN-2024- 67, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025ः जोन सं. 15 में – क्षेत्रः मानीराम ( सहित ) से नौतनवा का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): 12860354.25, अग्रिम धन (रू.): 214300.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER- LJN-2024- 68, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025ः जोन सं 16 में क्षेत्रः –आनन्दनगर किमी 45/0 से गैंसडी ( रहित ) का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): 13748227.75, अग्रिम धन (रू.): 218800.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2024- 69, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025ः जोन सं 17 में–– क्षेत्रः– गैंसडी ( सहित ) से गोण्डा (रहित) किमी 135 / 2– 218/0 एवं गैंसडी – जरवा अनुभाग का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): 9585412.25, अग्रिम धन (रू.): 191700.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2024- 70, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025ः जोन सं. 18 में–क्षेत्र अटरिया (सहित) से सीतापुर ( सहित) किमी 95/500 तक थॉमसनगंज साइडिंग और सीतापुर यार्ड किमी 100/400 तक (सीतापुर सिटी छोर) का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): ₹ 20689982.00, अग्रिम धन (रू.): ₹ 253500.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2024- 71, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2025ः जोन सं. 19 में क्षेत्र सीतापुर कैंट (रहित) से बुढ़वल (रहित) तक का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): ₹ 15776046.20, अग्रिम धन (रू.): ₹ 228900.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2024- 72, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025ः जोन सं. 20 में–क्षेत्रः सीतापुर ( सहित ) किमी 95 / 500 से गोला गोकर्णनाथ ( सहित) किमी 170/0का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): ₹ 12249320.65, अग्रिम धन (रू.): ₹ 211300.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER- LJN-2024- 73, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025ः जोन सं. 21 में–क्षेत्रः गोला गोकर्णनाथ (रहित) पलियाकलां ( रहित ) किमी 170/0 का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): ₹ 12009009.49, अग्रिम धन (रू.): ₹ 210100.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER- LJN-2024-74, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025ः जोन सं. 22 में– क्षेत्रः पलियाकलॉं (सहित ) से निशानगाढ़ा (सहित) तक का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): ₹ 7748913.95, अग्रिम धन (रू.): ₹ 155000.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER-LJN-2024- 75, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून, 2025ः जोन सं. 23 में–क्षेत्रः रिसिया (रहित) से निशानगाढ़ा (रहित) तक एवं नेपालगंज रोड–नानपारा का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): ₹ 6841100.60, अग्रिम धन (रू.): ₹ 136800.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025, ई–निविदा संख्याः NER- LJN-2024- 76, कार्य का नामः सभी क्षेत्रीय कार्य समयान्त जून 2025ः जोन सं. 24 में– क्षेत्रः गोण्डा ( रहित ) से रिसिया ( सहित ) तक का कार्य, अनुमानित लागत (रू.): ₹ 9078557.60, अग्रिम धन (रू.): ₹ 181600.00, समापन अवधिः समयान्त 30.06.2025. 1. उपरोक्त ई–निविदा संख्या NER-LJN-2024-46 से NER-LJN-2024-76 तक के लिये ई–निविदा दिनांक 06.06.2024 को 11.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 11.00 बजे के बाद ई–निविदा खोली जायेंगी। 2. उपरोक्त ई–निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तो का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट *www.ireps.gov.in* पर उपलब्ध है। निविदाकार ई–निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई–निविदा सूचना से सम्बन्धित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धि पत्र (यदि कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

**मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग**
मुजाधि/डब्लू–73, **लखनऊ**

**ट्रेनों में बीड़ी, सिगरेट न पियें।**

## एक नजर

### एनएचएम कंसल्टेंट ने दिया इस्तीफा

अमृत विचार, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग के उच्चाधिकारियों के आदेश के बाद एनएचएम में तैनात दीपिका पाठक नामक कंसल्टेंट ने इस्तीफा दे दिया। विगत वर्ष भी दीपिका ने इसी तरह इस्तीफा दिया था और इन्वेस्ट मित्र के तौर पर दूसरे विभाग में ज्वाइन किया था, लेकिन बाद में नियम कानून को ताक पर रखकर दीपिका को पुन: एनएचएम में ज्वाइन करा दिया गया।

### वेबसाइट पर जान सकेंगे कितनी लंबी है लाइन

अमृत विचार, लखनऊ : जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया की जानकारी के लिए वेबसाइट बूथलोकेशन डॉट इन तैयार की गयी है। इस वेबसाइट पर मतदान केंद्र की भौगोलिक स्थिति, वोटर लिस्ट, वोटर स्लिप, बूथ पर कतारबद्ध मतदाताओं की जानकारी ली जा सकती है। नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह ने बताया कि मतदाताओं की सहूलियत के लिए प्रत्येक मतदान केन्द्र में मूलभूत सुविधाओं की व्यवस्था की गयी है। जिस तरह हम लोग अपने बच्चों को परीक्षाएं दिलाने ले जाते हैं, उसी तरह धूप और गर्मी की परवाह किये बगैर हमें वोट डालने जाना होगा।

### अपार्टमेंट के निवासी परिसर में कर सकेंगे मतदान

अमृत विचार, लखनऊ : एलडीए उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि प्राधिकरण ने शहर के 14 अपार्टमेंट्स में मॉडल मतदान केन्द्र बनाये हैं। जिससे बहुमंजिला सोसाइटी में रहने वाले मतदाता अपने आवासीय परिसर में ही मतदान कर सकेंगे। उन्होंने बताया कि मतदान वाले दिन निजी वाहन मतदान केन्द्र की 100 मीटर की परिधि तक जा सकेंगे। इसके अलावा आरटीओ की तरफ से विभिन्न ग्रुप हाउसिंग व कालोनियों में पर्याप्त संख्या में ई-रिक्शा भी लगाये जा रहे हैं, जिससे बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं व दिव्यांगजनों को बूथ तक जाने में असुविधा नहीं होगी।

# 662 मतदान केंद्रों पर आज तैयार हो जाएंगे 2527 बूथ

## नगर निगम बना रहा 110 मॉडल, पिंक, पर्दानशीं और दिव्यांग बूथ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ





स्मृति उपवन में पोलिंग पार्टियों के रवाना होने के लिए की जा रही तैयारी। अमृत विचार

**अमृत विचार :** नगर निगम क्षेत्र के 662 मतदान केंद्रों पर 2527 बूथ रविवार को पूरी तरह तैयार हो जाएंगे। सभी आठ जोन में 110 मॉडल बूथ, पिंक, पर्दानशीं और दिव्यांग बूथ बनाए जा रहे हैं। निगम ने शनिवार को मॉडल और पिंक बूथों पर टेंट लगाने का काम शुरू कर दिया।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदेय स्थलों पर मतदाताओं के लिए विशेष सुविधाओं की व्यवस्था की जा रही है। छांव के लिए टेंट, बैठने के लिए सोफे और कुर्सियां लगाई जा रही हैं। गर्मी से बचाव के लिए कूलर और ठंडे पानी की व्यवस्था भी रहेगी। शनिवार को नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त, जोनल अधिकारी, जेडएसओ सहित अभियंताओं ने विभिन्न केंद्रों का निरीक्षण करके तैयारियों का जायजा लिया। नगर निगम रविवार दोपहर तक सभी बूथों पर तैयारियां पूरी कर जिला निर्वाचन कार्यालय को हैंडओवर कर देगा।

मॉडल बूथों पर सोफे, कूलर, मिलेगा ठंडा पानी

मॉडल बूथों पर मतदाताओं को धूप में लाइन न लगनी पड़े इसके लिए वेटिंग एरिया में टेंट लगाकर सोफे और कुर्सियां लगाई जाएंगी। गर्मी से बचाव के लिए कूलर, पंखे और ठंडे पानी का इंतजाम किया जाएगा। बच्चों के खेलने के लिए प्ले एरिया में झूले लगाए जाएंगे। साथ ही सेल्फी प्वाइंट भी बनाए जाएंगे।

**सुरक्षा के साथ मतदान की कमान महिलाओं के हाथ :** महिलाओं के लिए विशेष पिंक बूथ बनाए जा रहे हैं। इनमें सुरक्षाकर्मी से लेकर मतदान कार्मिक महिलाएं रहेंगी। प्रवेश द्वार से लेकर पूरे बूथ को पिंक कलर के गुब्बारों और फूलों से सजाया जाएगा। टेंट से लेकर सोफे, टेबल आदि भी पिंक कलर के रहेंगे। गेट के बाहर की ओर सेल्फी प्वाइंट भी पिंक कलर का बनाया जाएगा। इससे महिलाएं खुलकर मतदान कर सकेंगी।

- नगर आयुक्त और अधिकारियों ने लिया बूथों पर तैयारियों का जायजा

**पर्दानशी बूथों पर होगी मुस्लिम महिलाओं की पहचान :** मुस्लिम बहुल इलाकों में नगर निगम पर्दानशीं बूथ बना रहा है। इन बूथों पर मतदान करने आने वाली मुस्लिम महिलाओं की पहचान की जाएगी। इसके लिए पीठासीन अधिकारी दो और तीन के रूप में महिला अधिकारी तैनात की जाएंगी। इसके अलावा महिला पुलिसकर्मी लगाई जाएंगी। जहां पहचान की जाएगी वहां पुरुष मतदाताओं का प्रवेश नहीं होगा।



हजरतगंज स्थित रेड हिल पोलिंग बूथ का निरीक्षण करते नगर आयुक्त इन्द्रजीत सिंह।

### स्ट्रांग रूम से स्मृति उपवन भेजी गईं ईवीएम

अमृत विचार, लखनऊ : दोनों संसदीय और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव के लिए शनिवार को रमाबाई मैदान में बनाए गए स्ट्रांग रूम से कड़ी सुरक्षा में स्मृति उपवन भेजी गईं। लोकसभा और पूर्वी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए रमाबाई मैदान में स्ट्रांग रूम बनाया गया था। स्ट्रांग रूम की निगरानी सीसीटीवी से की जा रही थी। दोनों लोकसभा सीट और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव के लिए 20 मई को मतदान होगा। लखनऊ-मोहनलालगंज लोकसभा सीट के लिए 3768 और पूर्वी विधानसभा के लिए 471 बूथ बनाए गए हैं। शनिवार शाम से रमाबाई मैदान में बनाए गए स्ट्रांग रूम से स्मृति उपवन के लिए कड़ी सुरक्षा में रवाना किया गया। रविवार को स्मृति उपवन से पोलिंग पार्टियों के साथ ईवीएम मतदेय स्थलों के लिए भेजी जाएंगी।

### मतदान केंद्रों पर लगाए 2,300 सफाईकर्मी

अमृत विचार,लखनऊ : नगर निगम ने मतदान के लिए नगरीय क्षेत्र के 662 केंद्रों पर 2,300 सफाईकर्मी तैनात किये हैं। ये तीन शिफ्टों में काम करेंगे। अपर नगर आयुक्त ललित कुमार ने बताया कि रविवार से सफाई कर्मी मतदान केंद्रों पर सफाई शुरू कर देंगे। सुपरवाइजर और सफाई निरीक्षक इनकी मॉनीटरिंग करेंगे। मतदान केंद्र और उसके आस-पास गंदगी मिली तो संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### बुजुर्गों को मतदान के लिए मिलेगी एंबुलेंस सुविधा

अमृत विचार, लखनऊ : मतदान करने वाले बुजुर्गों व मरीजों के लिए एंबुलेंस की सुविधा मिलेगी। यह सुविधा आस्था वृद्धावस्था केंद्र की ओर से की गई है। केंद्र के सचिव डॉ. अभिषेक शुक्ला ने बताया कि एंबुलेंस सेवा मुफ्त रहेगी। सुविधा लेने के लिए टोल फ्री नंबर 18001801415 पर मदद ली जा सकती है।



मतदान के लिए जागरूक करते समाचार पत्र वितरक। अमृत विचार

# समाचार पत्र वितरकों ने लिया सौ फीसदी मतदान का संकल्प

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति के तत्वावधान में राजधानी के सभी डिपो के वितरकों ने शनिवार सुबह चौक डिपो पर मतदाता जागरूक संकल्प शपथ का आयोजन किया। आचार्य राजेश शुक्ल ने सभी समाचार पत्र वितरकों को शपथ संकल्प दिलवाया।

अंकुर दीक्षित ने सभी समाचार पत्र वितरकों से अपील की कि वह अपने-अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें और अपने-अपने क्षेत्र के मतदाताओं को 100 फीसदी मतदान के लिए प्रेरित करें। पहले मतदान फिर जलपान की बात को इस बार सच करके दिखाना है। इस अवसर पर चौक डिपो के अध्यक्ष प्रदीप कुमार वर्मा, गोपाल नाथ शर्मा, संजय अवस्थी, राजेन्द्र सिंह, जितेन्द्र सिंह, रमेश रावत, दिनेश चन्द्र कश्यप, श्याम सिंह, चन्द्र लोधी, सिराज अहमद, पंकज वाजपेयी, सौरभ, विनीत मिश्रा, राजेश, शिवमोहन राठौर और बीके शुक्ला आदि मौजूद रहे।

### केंद्र-राज्य सरकार ने किया सभी वर्गों का विकास

अमृत विचार, लखनऊ : प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में सभी वर्गों का विकास हुआ है। केंद्र एवं राज्य सरकार ने जनकल्याणकारी योजनाओं से सभी को लाभान्वित किया है। उक्त बात भाजपा नेता नीरज सिंह ने पदयात्रा के दौरान कही। उन्होंने सदर बाजार, लकड़ी मोहाल चौराहे से मंडल कार्यालय तक और पांडेयगंज से यहियागंज तक पदयात्रा की। इस दौरान कहा कि लखनऊ आज विकास के पथ पर अग्रसर है। एक्सप्रेसवे, रिंग रोड, नया टर्मिनल, फ्लाइओवर और पुराने लखनऊ का कायाकल्प हुआ है। भाजपा को वोट देकर प्रधानमंत्री मोदी को तीसरी बार चुनें। साथ ही रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को पांच लाख वोटों से विजयी बनाएं। सर्वोदय नगर में जनसभा को भी नीरज सिंह ने संबोधित किया। इस दौरान एमएलसी राम चंद्र प्रधान, मेयर सुषमा खर्कवाल, पूर्व मंत्री महेंद्र सिंह, सतवीर सिंह राजू आदि मौजूद रहे। दूसरी ओर कैंट विधानसभा के बाबूकुंज बिहारी और गुरु गोविंद सिंह वार्ड में जनसंपर्क कर रक्षामंत्री के लिए वोट मांगे। उन्होने कहा कि राजनाथ सिंह को रिकार्ड मतों से विजयी बनाने में सभी लोग सहयोग करें।



शनिवार को भाजपा प्रत्याशी राजनाथ सिंह के समर्थन में लालबाग में जनसम्पर्क करते एमएलसी राम चन्द्र सिंह प्रधान व पार्टी कार्यकर्ता। अमृत विचार

# चुनाव में पाबंद लोगों को पुलिस घूम-घूम कर देगी हिदायत

- 200 मीटर दूर लगेंगे प्रत्याशियों के बस्ते, बूथ से 100 मीटर दूर रहेंगे वाहन
- पुलिस लाइन में शनिवार को अधिकारियों और कर्मचारियों को दी गई जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मतदान वाले दिन सेक्टर पुलिस अधिकारी अपने क्षेत्र के संवेदनशील बूथों की सूची रखेंगे। सुबह से ही पुलिस का दस्ता शहरों की गलियों और गांव में घूमकर आपराधिक, अराजकतत्वों, हिस्ट्रीशीटरों के साथ चुनाव मे पाबंद किए गए लोगों को हिदायत देगा। ऐसे लोगों की निगरानी भी की जाएगी। प्रत्याशियों के बस्ते पोलिंग बूथ से 200 मीटर दूर लगेंगे और चुनाव ड्यूटी में लगे अधिकारियों के अलावा अन्य वाहन बूथ की 100 मीटर परिधि में नहीं आ सकेंगे। ये जानकारी पुलिस लाइन में पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को दी गई।

पुलिस लाइन में शनिवार को पुलिस कमिश्नर एसबी शिरडकर, जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार और संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून-व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल ने मीटिंग ली। करीब तीन घंटे तक चली इस मीटिंग में चुनाव के ड्यूटी के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही दोनों अधिकारियों ने जरूरी निर्देश भी जारी किए। मीटिंग में कमिश्नरेट में तैनात अधिकारियों के अलावा इंस्पेक्टर, सब इंस्पेक्टर, हेड कांस्टेबल और कांस्टेबल शामिल रहे।

### ये निर्देश दिए गए

- सेक्टर पुलिस अधिकारी व सेक्टर मजिस्ट्रेट रविवार को पोलिंग पार्टी व फोर्स को रवाना कराएंगे, बूथों पर पहुंचने के बाद हाजिरी लेकर अनुपस्थिति भी नोट करेंगे।
- बूथों पर लगे पुलिस बल को एकत्र कर उनको ड्यूटी के बारे में विस्तार से जानकारी देकर बूथों का आवंटन करेंगे।
- बूथ पर तैनात आरक्षी इस पर नजर रखेंगे कि अंदर कोई मोबाइल, असलहा लेकर न जाए। मोबाइल बूथ पर बने सेल्फी प्वाइंट तक ले जाने की अनुमति होगी। मतदान कक्ष में मोबाइल नहीं ले जा सकेंगे।
- पुलिस अधिकारी मतदान केंद्र में पीठासीन अधिकारी के बुलाने पर ही अंदर प्रवेश करेंगे।
- पीठासीन अधिकारियों को अपने सेक्टर अधिकारी, थानाध्यक्ष/प्रभारी निरीक्षक का मोबाइल नोट कराया जाए।
- शाम पांच बजे के बाद जिले की पीआरवी व मोबाइल पार्टी को ऐसे पोलिंग केंद्र पर स्थापित कर देंगे जहां वोटिंग होने की संभावना रहेगी।
- शाम छह बजे के बाद लाइन में लगे हुए वोटरों को पर्ची वितरित कराएंगे। इसके बाद किसी को प्रवेश नहीं देंगे। लाइन में लगे वोटरों को ही मतदान कराना होगा।
- डायल 112 पीआरवी को मतदान केंद्र आवंटन कर दें ताकि गश्त में कोई दिक्कत न हो।
- पुलिस पार्टी स्मृति उपवन से ही रवाना होंगी। उनकी बसें अंबेडकर यूनिवर्सिटी के भीतर खड़ी की जाएंगी।
- स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा होने के बाद पुलिस अधिकारी अपनी बसें लेकर जाएंगे। जहाँ बगल में स्ट्रांग रूम में ईवीएम जमा हो जाने के पश्चात
- बूथ पर पहुंचने के लिए किसी भी निजी व्यक्ति का मेहमान नवाजी स्वीकार नहीं करेंगे। बल्कि भुगतान के आधार पर स्वयं से भोजन का इंतजाम करेंगे।
- बूथ पर गश्त के दौरान पोलिंग पार्टी में यदि महिला सदस्य है तो उसके परिजन या रिश्तेदार मतदान कक्ष के अंदर मौजूद न रहें।
- सेक्टर व जोनल पुलिस मोबाइल अपने-अपने वाहनों पर आरटी सेट जरूर लगवाएं।
- विधानसभावार सभी सेक्टर पुलिस अधिकारियों और जोनल पुलिस अधिकारियों का सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ग्रुप बनाया जाएगा। जिसमें वह लगातार अपनी रिपोर्ट देंगे।
- सेक्टर पुलिस अधिकारी सुबह ही बूथों पर जाकर पोलिंग एजेंट की फोटो जरूर खींच लें, नियमानुसार उनके बैठने का निर्देश दे देंगे।
- मोबाइल को चालू रखने के लिए सभी को पावर बैंक साथ लेकर चलने का निर्देश दिया गया है।
- मतदान केंद्र पर तैनात पुलिस 200 मीटर के दायरे में भीड़ नहीं जुटने देगी। जरूरत पड़ने पर मतदान केंद्र के पास के घर के स्वामियों को हिदायत व नोटिस दें।

# सर्वाधिक मतदान वाली सोसाइटी के आरडब्ल्यूए का होगा सम्मान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आरडब्ल्यूए के प्रतिनिधियों ने ली मतदान की शपथ

**अमृत विचार :** जिस सोसाइटी में सबसे अधिक मतदान होगा उसके आरडब्ल्यूए को सम्मानित किया जाएगा। आरडब्ल्यूए को यह सुनिश्चित करना होगा कि हर मतदाता अपने घर से निकलकर वोट डालने जरूर जाए। यह बातें मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने शनिवार को लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के मरकरी ऑडिटोरियम में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित संगोष्ठी में कही।

मंडलायुक्त ने कहा कि जब भी चुनाव में कम मतदान होता है तो लोग चर्चा करते हैं कि शिक्षित समाज वोट डालने के प्रति उदासीन है। हमें साथ मिलकर इस सोच को बदलना होगा और 20 मई को लखनऊ में होने वाले मतदान में पहले वोट करना होगा। मंडलायुक्त ने कहा कि रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के सभी सदस्य चुनाव में प्रशासन के पार्टनर हैं। लिहाजा मतदान के प्रति आपकी भी उतनी ही बड़ी जिम्मेदारी है, जितनी कि प्रशासन के अधिकारियों की है। मौके पर उपस्थित लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

# अदब और पूरी तहजीब के साथ डालिए वोट

## मतदाता जागरूकता कार्निवाल में मंडलायुक्त ने मतदान करने की अपील की

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** मतदाता जागरूकता कार्निवाल का आयोजन नगर निगम, जिला प्रशासन और संस्कृति विभाग की ओर से किया गया। इसकी शुरुआत करते हुए मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने कहा कि यहां पर ज्यादा बात करना जुर्म है, क्योंकि यह कलाकारों का मंच है। यहां पर मुख्य अतिथि हम नहीं आप सब हैं। उन्होंने कहा कि मैं सिर्फ इतना कहना चाहती हूं कि आप सब पूरे अदब, पूरी तहजीब के साथ वोट डालिए। थोड़ी गर्मी हो सकती है। थोड़ी धक्का-मुक्की हो सकती है, थोड़ी सुविधाओं में कमी हो सकती है लेकिन मर्जी की सरकार चुननी है तो घर से निकलना ही होगा। निकलिए और ईवीएम का मतलब एवरी वोट मेंटेन कर दीजिये। कार्यक्रम की शुरुआत संगीतमयी, नृत्य के साथ गणेश वंदना से हुई।

**बच्चे 95 फीसद नंबर ला रहे, मतदान बस 55 फीसद :** गणेश वंदना के बाद मशहूर कामेडियन अनिरुद्ध मधेशिया ने मंच संभाला। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि शर्म करो, बच्चे 95 फीसदी नंबर ला रहे हैं और तुम्हारा वोट 55 फीसदी पर सिमटा जा रहा है। उन्होंने महिलाओं से कहा कि उनके पति वोट डालने नहीं जाते क्योंकि वह चलते वक्त कहती हैं कि लौटते में सब्जी लेते आना। अनिरुद्ध ने कहा कि उन्होंने कहा कि लखनऊ वाले बड़े परेशान हैं कि बार-बार उन्हें बताया जा रहा है कि पहले मतदान फिर जलपान। सच्चाई यह है कि यहां जलपान के नाम पर सिर्फ पान मिलता है। कहा कि ई रिक्शा लखनऊ में वो चला रहे हैं जिन्हें ठीक से साइकिल चलानी भी नहीं आती। टैम्पो चलाने वाले चौराहे पर सवारी भरने का काम करते हैं।

**स्वाती शर्मा ने गीत गाकर किया जागरूक :** फिल्म तनु वेड्स मनु से चर्चा में आईं स्वाती शर्मा ने फिल्म के गीत बन्नो तेरा स्वेगर से अपना कार्यक्रम शुरू किया। एफिल टावर पर गाना गाने वाली भारत की पहली गायिका स्वाती ने महेश बाबू की फिल्म गुंटूरकार्म और फिल्म जुग-जुग जियो में गाये अपने गीत पेश किये। कामेडियन चन्दन प्रभाकर ने लोगों को हंसा कर मतदान के लिए जागरूक किया।

### गर्मी में इसलिए चुनाव ताकि सूरत पहचान पत्र से मिल जाए

चुनाव भीषण गर्मी में इसलिए हो रहा है ताकि गर्मी में मतदाता वोट देने जब बूथ पर जाएं तो उसकी शक्ल मतदाता पहचान पत्र से मिलती-जुलती बन जाए। यह जुमला शनिवार रात 1090 चौराहे पर मतदाता जागरूकता कार्निवाल में प्रख्यात कामेडियन सुनील सावरा ने सुनाया। गुदगुदाने के लिए उन्होंने कहा कि यह बड़ी बात है कि यहां महिलाएं सुन रही हैं, वर्ना वह किसी की सुनती कहां हैं।



मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हास्य अभिनेता अनरुद्ध मधेशिया

BAREILLY INTERNATIONAL UNIVERSITY
Rohilkhand Medical College Campus, Pilibhit Bypass Road, Bareilly-243006 (UP) India, Phone: 0581-2526051, 053, 153
Email: registrar@biu.edu.in, Website: www.biu.edu.in
For any query contact : 7906374491, 9105500202, 9105500404

APPLICATIONS ARE INVITED FOR ADMISSION TO Ph. D. PROGRAMMES JULY 2024 SESSION IN THE FOLLOWING DISCIPLINES

- FACULTY OF MEDICAL SCIENCES (All Clinical and Non-Clinical Specialties)
- FACULTY OF DENTAL SCIENCES All Specialties)
- FACULTY OF PHARMACY
- FACULTY OF NURSING M. Sc.(N) with 3 years teaching or clinical experience
- HUMANITIES AND JOURNALISM English

Last Date of Receiving Application : 20th May, 2024
Application Submission Address : To, The Registrar, Administrative Block, Bareilly International University, Bareilly-243006 (U.P.), India
For more details and application form & application fee
Visit University Website : www.biu.edu.in
(https://biu.edu.in/research/Latest-Application-form-for-PHD-pogramme.pdf

बरेली इंटरनेशनल विश्वविद्यालय
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र : 2024-25
Accreditations, Affiliations & Approvals

प्रस्तुत पाठ्यक्रम
CUET (UG/PG) स्कोर स्वीकृत और CUET (UG/PG) में सूचीबद्ध
मेडिकल साइसेंज
एमएससी मेडिकल (एनाटॉमी/बायोकेमिस्ट्री/माइक्रोबायोलॉजी/फार्माकोलॉजी/फिजियोलोजी)
डेन्टल साइंसेज
डिप्लोमा - डेंटल हाइजिनिस्ट/डिप्लोमा - डेंटल मैकेनिक्स
नर्सिंग विज्ञान
एएनएम/जीएनएम/बीएससी नर्सिंग/पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग/निर्स प्रक्टिशनर इन क्रिटिकल केयर (NPPCC)/एमएससी नर्सिंग (मेडिकल सर्जिकल/चाइल्ड हेल्थ/मेंटल हेल्थ/अब्स्टेट्रिक्स एवं गायनेकोलॉजिस्ट)
फार्मेसी
डी. फार्मा/बी. फार्मा/एम फार्मा (फार्माकोलॉजी/फार्मास्यूटिक्स)
पैरामेडिकल साइंसेज
डिप्लोमा इन मेडिकल लैब तकनीशियन (DMLT)/डिप्लोमा इन एक्स-रे तकनीशियन/डिप्लोमा इन डायलिसिस तकनीशियन/डिप्लोमा इन इमरजेंसी और ट्रामाकेयर/डिप्लोमा इन एम आर आई तकनीशियन/बैचलर इन फिजियोथेरेपी (BPT)/बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी (BMLT)/बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी (BRIT)/बीएससी (ऑप्टोमेट्री)
फोरेंसिक साइंसेज
बीएससी फोरेंसिक विज्ञान
मैनेजमेंट एंड कॉमर्स
बी.कॉम (ऑनर्स)/बीबीए (Finance & Texation)/बीसीए (आईटी और मल्टीमीडिया)/एम.कॉम (ऑनर्स)/मास्टर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA)/मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (MHA)/मास्टर ऑफ पब्लिक हेल्थ (MPH)
ह्यूमैनिटीज एंड जर्नलिज्म
बी.ए (पत्रकारिता)/बी.ए (जनसंचार)/एम.ए (अंग्रेजी)/एम.ए (मनोविज्ञान)/एम.ए (पत्रकारिता)/एमए (जनसंचार)
योगा एंड नेचुरोपैथी
पीजी डिप्लोमा इन योगा एंड नेचुरोपैथी (PGDYN)

अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें - 9105500202, 9105500404, फोन-0581-2526153, 051, 053
पता : एडमिशन सेल, एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक, बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज कैंपस, बरेली, पिन कोड-243006 (उ.प्र.)
E-mail : admission@biu.edu.in

## एक नजर

### निगम की जमीन पर कब्जा करने वालों पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, लखनऊ :** चिनहट क्षेत्र के निजामपुर मल्हौर में नगर निगम की जमीन है। इस जमीन पर कुछ लौग कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे। मामला संज्ञान में आने पर नगर निगम की ओर से आरोपी ललित और सूरज के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। नगर निगम के अनुसार आरोपी ट्रैक्टर ट्रॉली से मलबा डालकर कब्जे का प्रयास कर रहे थे।

### मुख्य अभियंता ने किया उपकेंद्रों का निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता ने शनिवार को कई उपकेंद्रो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होनें आगामी 20 मई को होने वाले मतदान स्थलों पर निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए किए गए इंतजामों का ब्योरा लिया। इसके साथ ही सभी उपकेंद्रो पर कर्मचारियों को मुस्तैदी से तैनात रहने के निर्देश जारी किए। मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि पुरनिया, इंजीनियरिंग कॉलेज उपकेंद्र सहित कई उपकेंद्रों का निरीक्षण किया।

# गोंडा में मिला कृष्णानगर से अगवा तीन वर्षीय बच्चा

## पिता ने लाउडस्पीकर पर लगाई गुहार, तब तलाश में जुटी पुलिस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सीसीटीवी फुटेज से मिला सुराग, गोंडा रेलवे स्टेशन पर रोता छोड़ भागा अपहरणकर्ता

**अमृत विचार:** कृष्णा नगर क्षेत्र से तीन दिन पहले अपहृत तीन साल का बच्चा गोंडा रेलवे स्टेशन से बरामद किया गया। पिता लाउडस्पीकर पर बेटे की तलाश करने की गुहार लगा रहा था। पिता की गुहार सुन कृष्णानगर पुलिस ने आसपास के जिलों के थाने में लापता बच्चे की तस्वीर भेज तलाश शुरू की थी।

मूलतः उन्नाव निवासी जितेंद्र मजदूरी करते हैं। परिवार के साथ कृष्णानगर क्षेत्र के बाराबिरवा में फुटपाथ पर रहते हैं। 16 मई की शाम पत्नी बेटे को छोड़कर दुकान गई थी। लौटी तो बेटा गायब था। शोर मचाने पर आसपास के लोग पहुंचे, लेकिन बच्चे के बारे में कोई कुछ नहीं बता सका। जितेंद्र ने कृष्णानगर कोतवाली में बेटे की गुमशुदगी दर्ज कर जल्द बरामदगी का आश्वासन दिया था। पुलिस की वाजिब मदद नहीं मिलते देख जितेंद्र ने खुद लाउडस्पीकर खरीद लखनऊ के चौराहों पर बेटे की तलाश शुरू की।

जितेंद्र की मुहिम रंग लाई, उसकी मार्मिक अपील देखकर पुलिस मुस्तैद हुई। हर थाने में और आसपास के जिले में बच्चे की गायब होने की सूचना भेजी। कृष्णा नगर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज निकलवाया तो एक युवक बच्चे को गोद में लेकर जाते दिखा था। इसी आधार पर सभी रेलवे स्टेशनों से संपर्क किया गया। इस बीच पता चला कि गोंडा रेलवे स्टेशन पर पुलिस ने एक युवक को बच्चे को लेकर ट्रेन से जाते देखा। बच्चा रोने लगा तो आरोपी गोंडा स्टेशन पर ही बच्चे को छोड़ कर फरार हो गया। जीआरपी ने बच्चे को अपने पास रख कृष्णानगर पुलिस से संपर्क किया। गोंडा से शनिवार को बच्चे को राजकीय बालगृह शिशु कार्यालय लखनऊ लाकर परिजन को सौंप दिया गया।

# काकोरी में भाजपाइयों ने निकाली बाइक रैली

संवाददाता, काकोरी



काकोरी में बाइक रैली निकालते भाजपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

**अमृत विचार :** चुनाव प्रचार के अंतिम दिन शनिवार को भाजपा अनुसूचित मोर्चा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष विकास किशोर (आशू) के नेतृत्व में केंद्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद प्रत्याशी कौशल किशोर के पक्ष में मतदान करने के लिए एक बाइक रैली शहीद स्मारक से निकाली गई। जो मलिहाबाद विधानसभा के सभी प्रमुख क्षेत्रों से होती हुई मलिहाबाद चुनाव कार्यालय पर खत्म हुई। बाइक रैली में सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल हुए।

यह काफिला जहां से गुजरा लोगों ने पुष्प वर्षा कर सभी कार्यकर्ताओं का स्वागत किया और आश्वस्त कराया कि वोट तो मोदी को ही जायेगा। मंडल उपाध्यक्ष नीलम श्रीवास्तव ने बताया कि जिस प्रकार हमें जनता का समर्थन मिल रहा है, उससे लगता है कि हम मोहनलालगंज लोकसभा चुनाव में 9 लाख से ज्यादा मत प्राप्त कर अपने प्रत्याशी कौशल किशोर को लोकसभा भेजेंगे।

इस रैली में प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष रोहित साहू, ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि शिशिर यादव, अनादि सेवा समिति की राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं मंडल उपाध्यक्ष भाजपा नीलम श्रीवास्तव, लीलावती, दिनेश श्रीवास्तव, लवकुश यादव, विमल यादव, विनय निगम, राजकुमार कश्यप, लालता प्रसाद, अर्जुन रावत, शिवहरि द्विवेदी, कपिल सिंह, दयाराम, महेंद्र राजपूत, आनंद मौर्य, दिवाकर लोधी, शिव मोहन, हरिओम, राजन, विक्रम यादव, आशीष, सहित सैकड़ों की संख्या में बाइक सवार उपस्थित रहे।

## भाजपाइयों ने पदयात्रा निकालकर मांगे वोट

**अमृत विचार, निगोहां :** चुनाव प्रचार के अंतिम दिन लोकसभा सीट मोहनलालगंज से भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर के समर्थन में पदयात्रा निकाली गई। क्षेत्रीय विधायक अमरेश रावत ने सैकड़ों भाजपाइयों के साथ शनिवार को निगोहां व मस्तीपुर कस्बे में घूम-घूमकर लोगों से वोट मांगे। दूसरी ओर मुस्लिम समुदाय ने कौशल किशोर की जीत के लिए दुआ मांगी। पद यात्रा के आयोजक ग्राम प्रधान निगोहां अभयकांत दीक्षित रहे। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष सुरेंद्र दीक्षित, पुरहिया प्रधान प्रभाकर त्रिवेदी, मस्तीपुर प्रधान सूर्यकुमार द्विवेदी, वरिष्ठ भाजपा नेता नागेशवर द्विवेदी, मोहनलालगंज के पूर्व मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिंह, जिला पंचायत सदस्य अमरेंद्र भारद्वाज, प्रधान ललित शुक्ला, प्रभाकर त्रिवेदी, प्रधान दयालपुर शैलेंद्र पाल, पूर्व प्रधान निशु मिश्रा, प्रधानपति आईपी सिंह, प्रधान नीरज सिंह, पूर्व प्रधान बिन्नू सिंह, शुभम रावत आदि मौजूद रहे।

# हॉस्टल में फंदे से लटकी मिली मेडिकल छात्रा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- निजी अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टर ने मृत किया घोषित
- दुबग्गा क्षेत्र के निजी फार्मेसी कॉलेज में कर रही थी पढ़ाई



**अमृत विचार :** दुबग्गा क्षेत्र के निजी फार्मेसी कॉलेज में पढ़ने वाली मेडिकल की छात्रा हास्टल के कमरे में शनिवार को फंदे से लटकी मिली। उसे निजी अस्पताल ले जाया गया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर दुबग्गा अभिनव वर्मा का कहना है कि ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं है। पता लगाने का प्रयास करेंगे।

मूलतः कुशीनगर जनपद में रहने वाली अंकिता चौधरी पुत्री सुरेश चौधरी मेडिकल की छात्रा थीं। बताया जा रहा है कि दुबग्गा थाना क्षेत्र के एक फार्मेसी कॉलेज पढ़तीं थीं। इसके साथ ही कॉलेज के हॉस्टल में ही रहतीं थीं। रात करीब नौ बजे हॉस्टल के कमरे में अंकिता को फंदे से लटका देखा गया। जानकारी पर स्टाफ के लोग उसे फंदे से उतार कर एक निजी अस्पताल ले गये। हालत गंभीर देख दूसरे निजी अस्पताल रेफर कर दिया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। छात्रा विवाहित थी। पति मुंबई में रहते हैं। बताया जा रहा है कि कॉलेज प्रशासन ने पति व परिजन को सूचना दी है। फिलहाल पुलिस ऐसे किसी मामले की जानकारी से इंकार कर रही है। चर्चा है कि कॉलेज प्रबंधन मामले को दबाने का प्रयास कर रहा है।

# बेहतर काम करने पर रोडवेजकर्मी पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- लखनऊ परिक्षेत्र ने अर्जित की 7.18 करोड़ की रिकॉर्ड आय
- अप्रैल में 1.04 करोड़ किलोमीटर बसों का किया गया संचालन

**अमृत विचार:** उप्र परिवहन निगम के लखनऊ परिक्षेत्र ने अप्रैल में रिकार्ड आय की है। अप्रैल 2024 में 7.18 करोड़ रुपये लाभ अर्जित कर हरदोई क्षेत्र के बाद प्रदेश में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। पिछले वर्ष की तुलना में आय 5 लाख रुपये अधिक है।

उत्तर प्रदेश परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि चालकों / परिचालकों और कार्यशाला कार्मिकों के महत्वपूर्ण योगदान के फलस्वरूप अप्रैल में 1.04 करोड़ किलोमीटर बसों का संचालन किया गया। गत वर्ष की तुलना में 10.45 लाख किमी अधिक दूरी तय की गई है। हर स्टॉपेज से यात्रियों को बैठाया गया। इस माह 38.01 लाख यात्रियों को यात्रा सुविधा प्रदान की गयी। गत वर्ष की तुलना में 5. 15 लाख यात्री अधिक हैं।

लाभ अर्जित करने में कैसरबाग डिपो प्रथम स्थान पर, उपनगरीय डिपो द्वितीय स्थान पर तथा चारबाग डिपो तृतीय स्थान पर रहे। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में अच्छा काम करने वाले कार्मिकों को प्रोत्साहित करते हुए प्रमाण पत्र भी दिए गए।कैसरबाग, अवध, आलमबाग, चारबाग तथा बाराबंकी बस स्टेशनों उच्चस्तर की यात्री सुविधा उपलब्ध कराई गई है। विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में सकुशल चुनाव कराने के लिए रीजन ने लगभग 144 बसें सुरक्षा बलों को उपलब्ध कराई हैं।

कार्यालय नगर पंचायत परशदेपुर-रायबरेली

पत्रांक– 512/2024–25 दिनांक: 17.05.2024

स्वच्छ भारत – एक कदम स्वच्छता की ओर

पहले मतदान फिर जलपान

मतदाता है भाग्य विधाता मतदान कर राष्ट्र निर्माण के भाग्य विधाता बने



"ना रहे गन्दगी न खुले में शौच स्वच्छ होगा भारत स्वस्थ होंगे सब लोग"

जापानी इन्सेफलाईटिस / डेंगू आदि मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु नागरिकों से अपील

| क्र0सं0 | क्या करें ✓ | क्या न करें ✗ |
|---|---|---|
| 1 | मच्छरों आदि से बचाव हेतु मच्छरदानी का प्रयोग अति आवश्यक है। | अपने घरों के अगल–बगल कूड़ा आदि न जमा होनें दें |
| 2 | पूरे बदन को ढकने वाले कपड़े का प्रयोग करें। | नंगे शरीर न रहें न ही सोये। |
| 3 | कूड़ा करकट नियत स्थान पर ही डाले। | कूड़ा करकट इधर–उधर न फेंकें। |
| 4 | बुखार होने पर तत्काल डॉक्टर से सम्पर्क कर जांच करायें | बुखार को सामान्य न समझें मेडिकल स्टोर से लक्षण बताकर दवा न लें |

(निमिषा भारद्वाज)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत परशदेपुर
रायबरेली

(समस्त सभासद)
श्रीमती तारा देवी, श्री संदीप मोदनवाल, श्रीमती ज्ञानमती
श्री जगदीश प्रसाद, श्री मो0 निहाल खान, श्री मो0 मुर्तजा अंसारी
श्री सैयद हैदर नकी, श्रीमती आशमा बानो, श्रीमती कंचन
जायसवाल, श्री प्रभाकर मिश्रा

(विनोद कुमार कौशल)
अध्यक्ष
नगर पंचायत परशदेपुर
रायबरेली

कार्यालय नगर पंचायत परशदेपुर-रायबरेली

पत्रांक– 512/2024–25 दिनांक: 17.05.2024

स्वच्छ भारत – एक कदम स्वच्छता की ओर

पहले मतदान फिर जलपान

मतदाता है भाग्य विधाता मतदान कर राष्ट्र निर्माण के भाग्य विधाता बने



"ना रहे गन्दगी न खुले में शौच स्वच्छ होगा भारत स्वस्थ होंगे सब लोग"

जापानी इन्सेफलाईटिस / डेंगू आदि मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु नागरिकों से अपील

| क्र0सं0 | क्या करें ✓ | क्या न करें ✗ |
|---|---|---|
| 1 | मच्छरों आदि से बचाव हेतु मच्छरदानी का प्रयोग अति आवश्यक है। | अपने घरों के अगल–बगल कूड़ा आदि न जमा होनें दें |
| 2 | पूरे बदन को ढकने वाले कपड़े का प्रयोग करें। | नंगे शरीर न रहें न ही सोये। |
| 3 | कूड़ा करकट नियत स्थान पर ही डाले। | कूड़ा करकट इधर–उधर न फेंकें। |
| 4 | बुखार होने पर तत्काल डॉक्टर से सम्पर्क कर जांच करायें | बुखार को सामान्य न समझें मेडिकल स्टोर से लक्षण बताकर दवा न लें |

(निमिषा भारद्वाज)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत परशदेपुर
रायबरेली

(समस्त सभासद)
श्रीमती तारा देवी, श्री संदीप मोदनवाल, श्रीमती ज्ञानमती
श्री जगदीश प्रसाद, श्री मो0 निहाल खान, श्री मो0 मुर्तजा अंसारी
श्री सैयद हैदर नकी, श्रीमती आशमा बानो, श्रीमती कंचन
जायसवाल, श्री प्रभाकर मिश्रा

(विनोद कुमार कौशल)
अध्यक्ष
नगर पंचायत परशदेपुर
रायबरेली

